# पूर्ववर्ती छात्र समागम 2023

## 06 अप्रैल 2023 (वृहस्पतिवार)

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ, कैमूर, बिहार-821101

## वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय, आरा भोजपुर

समन्वयक: डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी

प्राचार्य: डॉ शंकर प्रसाद शर्मा

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के बारे में

राष्ट्रीय नायक और महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह के नाम पर, भारत के बिहार राज्य के आरा शहर में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार है| बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (1992 के संशोधित अधिनियम 9 के रूप में) के तहत स्थापित और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), नई दिल्ली के 12 B 2 F मान्यता प्राप्त बिहार के शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय ने विज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के सीमांत विषयों में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त की है। वर्षों से, अपनी प्रगतिशील शैक्षणिक और विस्तार गतिविधियों के माध्यम से, विश्वविद्यालय ने ज्ञान के सृजन और प्रसार और मानव कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




## एसवीपी कॉलेज भभुआ के बारे में




सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज 1957 में स्थापित किया गया था और 1976 में बिहार विश्वविद्यालय की एक घटक इकाई में परिवर्तित हो गया था। पहले यह मगध विश्वविद्यालय, गया के अधीन था जो 1992 में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अंतर्गत आया था। यह UGC 12(B) 2(f) और NAAC बी ग्रेड मान्यता प्राप्त है। कॉलेज भभुआ शहर के मध्य में हरे-भरे हरियाली, हर्बल गार्डन, अत्याधुनिक पुस्तकालय, अच्छी तरह से सुसज्जित विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, कैंटीन, खेल के मैदान, एम्फीथिएटर, कक्षाओं, छात्रावासों, कंप्यूटर के साथ 15 एकड़ भूमि के क्षेत्र में स्थित है। कॉलेज का प्रबंधन बिहार सरकार और बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के अधिकार के तहत कानून के अनुसार किया जाता है। वर्तमान में यह कला, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के 15 पोस्ट ग्रेजुएट और अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम चला रहा है। यह बीसीए, बायोटेक, नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय और इग्नू अध्ययन केंद्र भी चला रहा है।

# कुलगीत

अमृत ज्योति जले जय जय हे, अमृत ज्योति जले
वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय
शस्त्र शास्त्र विज्ञान विभामय
जन गण के जीवन पथ के तू
सृजनहार मिले जय जय हे, अमृत ज्योति जले
जय जय हे अमृत ज्योति जले
विश्वामित्र की तपोभूमि पर
नवल सृष्टि का शंखनाद कर
गंगा सोनभद्र संगम पर
शिव सुंदर निकले जय जय हे अमृत ज्योति जले
रोहतास कैमूर सुहावन
भोजपुर बक्सर अतीव पावन
शस्य श्यामला धरती जगमग
सकल तमिश्र टले जय जय हे अमृत ज्योति जले
विंध्यक्षेत्र मुंडेश्वरी माता
गुप्तधाम वरद शुभदाता
आरा की अरण्य देवी के
शुभ आशीष फले जय जय अमृत ज्योति जले
वाण भट्ट और राधिका रमण
सच्चिदानंद और शिवपूजन
सदल वशिष्ठ की जन्म भूमि पर
पुण्य प्रसून खिले जय जय अमृत ज्योति जले
वीर कुंवर के कीर्ति प्रभाकर
शेरशाह के शौर्य दिवाकर
सत्य शील संयम विवेक बल
तेरी छांव पले जय जय हे अमृत ज्योति जले



**Shri Rajendra Vishwanath Arlekar**
H. E. Chancellor-cum-Governor of Bihar



***Prof. Shailendra Kumar Chaturvedi***
*Vice Chancellor*




***Prof. Dr. C. S. Choudhary***
*Pro Vice Chancellor*



***Prof. (Dr.) Ranvijay Kumar***
***D. S. W.***



***Dr. Binay Kumar Mishra***
*C.C.D.C.*


SARDAR VALLABHBHAI PATEL COLLEGE
( A Constituent Unit of V.K.S.U., Ara, Bihar)
Bhabua, Kaimur – 821102 BIHAR

# CHRONOLOGY OF THE PRINCIPLES






# LIST OF TEACHING STAFF

## Permanent Faculty

| Sl. No. | Name | Designation | Department | Contact Number |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Shankar Prasad Sharma | Principal | Chemistry | 9430932433 |
| 2 | Dr. Seema Patel | Associate Professor | History | 8210475584 |
| 3 | Dr. Mahesh Prasad | Associate Professor | Economics | 8298134295 |
| 4 | Mrs. Maya Sinha | Assistant Professor | Botany | 9471474396 |
| 6 | Mr. Jagjit Singh | Assistant Professor | Economics | 9431434391 |
| 7 | Dr. Sonal | Assistant Professor | Philosophy | 9559897711 |
| 8 | Dr. Seema Singh | Assistant Professor | Psychology | 9839150212 |
| 9 | Dr. Neyaz Ahmad Siddiquee | Assistant Professor | Psychology | 9934769455 |
| 10 | Mr. Braj Raj Prasad Gupta | Assistant Professor | Economics | 8825279052 |
| 11 | Dr. Annpurna Gupta | Assistant Professor | Psychology | 9897032421 |
| 12 | Dr. Raj Kumar Gupta | Assistant Professor | Physics | 9910719089 |
| 13 | Dr. Sumit Kumar Rai | Assistant Professor | Physics | 8826710122 |
| 14 | Dr. Jitendra Kumar | Assistant Professor | Chemistry | 6203828606 |
| 15 | Dr. Akhilendra Nath Tiwary | Assistant Professor | Geography | 9818425676 |
| 16 | Dr. Anand Prakash | Assistant Professor | Zoology | 9794589674 |
| 17 | Mr. Keshwar Prasad Bharti | Assistant Professor | Political Science | 9304400938 |
| 18 | Dr. Rabindra Kumar | Assistant Professor | Hindi | 7982163155 |
| 19 | Dr. Ajeet Kumar Rai | Assistant Professor | History | 7982630640 |
| 20 | Dr. Syed Ashhad Karim | Assistant Professor | Urdu | 9616730727 |

## Guest Faculty

| Sl. No. | Name | Designation | Department | Contact Number |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Mukesh Kumar | Assistant Professor Guest | Economics | 9199111919 |
| 2. | Dr. Dhananjay Prasad Rai | Assistant Professor Guest | Botany | 6205889746 |
| 3. | Dr. Upendra Kumar Nirala | Assistant Professor Guest | Mathematics | 8578951509 |
| 4. | Dr. Ravinish Prasad | Assistant Professor Guest | Zoology | 9939761867 |

## BCA Teaching Staff (Casual)

| Sl. No. | Name |
|---|---|
| 1. | Shri Ashutosh Kumar Singh |
| 2. | Shri Angad Patel |
| 3. | Shri Sonal Patel |

## Permanent Non Teaching Staff

| Sl. No. | Name | Designation | Department |
|---|---|---|---|
| 1. | Shri Awadhesh Kumar | (inch.) Accountant | Account |
| 2. | Shri Vinod Vardhan | (inch.) Head clerk | General |
| 3. | Shri Satyendra Kumar | library inch. | Library |
| 4. | Shri Sujeet Kumar Singh | Assistant | Account |
| 5. | Shri Jay Prakash Singh | R.c. | Account |
| 6. | Shri Pradeep Kumar Singh | R.c. | General |
| 7. | Shri Lakshmi Kumari | R.c. | General |

| Sl No. | Name | Designation | Department |
|---|---|---|---|
| 1. | Shri Bagedan Prasad | Peon. | Account. |
| 2. | Shri Babban Pandey | Peon. | Account. |
| 3. | Shri Manoj Kumar | Sweep. | Gen. |
| 4. | Smt. Kalawati Devi | Peon. | Gen. |
| 5. | Shri Krishna Thakur | Peon | Gen. |

## BCA Non Teaching Staff (Casual)

| Sl. No. | Name | Designation |
|---|---|---|
| 1 | Ramanand Singh | Clerk |
| 2 | Shri Om Prakash Kumar Chaudhari | Computer Operator |
| 3 | Shri Shashi Kumar Kharwar | Peon |
| 4 | Shri Hira Yadav | Night Guard |

## माननीय भूमि दाताओ की सूची

| क्रमांक | नाम | पता | दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हीरेश्वर प्रसाद सिंह | सीवों शिवपट्टी | 6203939312 |
| 2. | श्री सत्य प्रकाश सिंह | सीवों शिवपट्टी | 9905286002 |
| 3. | श्री ओम प्रकाश सिंह | सीवों,शिवपट्टी | 9234272053 |
| 4. | श्री काशीनाथ सिंह | सीवों,शिवपट्टी | 9430227257 |
| 5. | श्री रामजी सिंह | सीवों | 8986371459 |
| 6. | श्री अमरनाथ सिंह | सीवों | 9430432802 |
| 7. | श्री किशुन सिंह | सीवों | 9199990654 |
| 8. | श्री केदारनाथ सिंह | सीवों | |
| 9. | श्री नन्द किशोर सिंह | सीवों | |
| 10. | श्री शिव मूरत सिंह | सीवों | |
| 11. | श्री राम सूरत सिंह | सीवों | |
| 12. | श्री देवता चरण सिंह | सीवों | 9709799844 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | श्री संतोष कुमार सिंह | सीवों | |
| 14. | श्री प्रद्युम्न सिंह | सीवों | |
| 15. | श्री राजेश्वर सिंह | सीवों | 9123103192 |
| 16. | श्री अवधेश कुमार सिंह | सीवों | 9430993002 |
| 17. | श्री चक्रवर्ती सिंह | सीवों | |
| 18. | श्री कृपा शंकर सिंह | सीवों | 9798447846 |
| 19. | श्री अभय सिंह | सीवों | 6206326131 |
| 20. | श्री प्रमोद कुमार पटेल | सीवों | 7250302910 |
| 21. | श्री रामसेवक सिंह | सीवों | 8207361429 |
| 22. | श्री राम दुलार सिंह | सीवों | 6203758550 |
| 23. | श्री वीरेंद्र कुमार सिंह | सीवों | 9939811716 |
| 24. | श्री विजय सिंह | सीवों | 9576337276 |
| 25. | श्री विनय कुमार सिंह | सीवों | 7903232051 |
| 26. | श्री अनिल कुमार सिंह | सीवों | 6206326131 |
| 27. | श्री सुनील कुमार सिंह | सीवों | 6206326131 |
| 28. | श्री सच्चिदानंद सिंह | सीवों | 9470006003 |
| 29. | श्री मुरारी सिंह | सीवों | 7079066584 |
| 30. | श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह | सीवों | 8863835049 |
| 31. | डॉ संजीव कुमार सिंह | सीवों | 7982121803 |
| 32. | श्री श्रीकांत तिवारी | सीवों | 9110112829 (Mukul) |

# प्राचार्य का प्रतिवेदन



**डॉ शंकर प्रसाद शर्मा**

आदरणीय अतिथि गण, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र और छात्राओं का सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ, कैमूर में आयोजित पूर्ववर्ती छात्र समागम 2023 में स्वागत है। महाविद्यालय अपने स्थापना के 65 वर्ष पूर्ण कर रहा है। हर वर्ष यहां 5000 से 7000 की संख्या में छात्र और छात्राएं अध्ययन करते हैं जो यहां से पास होकर अपने जीवन में सफलता की नई परिभाषा गढ़ते हैं। यह पूर्ववर्ती छात्र समागम आपको आपके मातृ शिक्षण संस्थान से जोड़ने का एक प्रयास है। पिछले वर्षो की कुछ उपलब्धियां आपके सम्मुख निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत हैं जिन्हे जानकर निस्संदेह आपको गर्व का अनुभव होगा

1. महाविद्यालय ने 2016 के NAAC प्रथम चरण में B ग्रेड पाया और अगले प्रत्यायन में A ग्रेड हेतु प्रयासरत है।
2. महाविद्यालय को यूजीसी द्वारा 12B और 2f की मान्यता प्राप्त है।
3. यहां 15 विषयों में स्नातक और परास्नातक कोर्स की पढ़ाई हो रही है।
4. यहां बीसीए और बायोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चल रही है।
5. राज्य स्तरीय नालंदा खुला विश्विद्यालय का अध्ययन केंद्र सुचारू रूप से चल रहा है और केंद्र स्तरीय विश्व का सबसे बड़ा इंदिरा गांधी खुला विश्विद्यालय अगले सत्र से शुरू हो जाएगा।
6. महाविद्यालय के 15 acre के खूबसूरत कैम्पस में शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, परीक्षा भवन, बोटेनिकल गार्डन, छात्रावास, खेलकूद का मैदान, पार्किंग, शौचालय, वाईफाई कैम्पस, आर ओ फिल्टर पानी, गर्ल्स कॉमन रूम, व्यायामशाला, प्राचार्य आवास, मत्सपालन, एनसीसी, एनएसएस, सेहत केंद्र, इको क्लब, रेड रिबन क्लब, डिबेट सोसाइटी जैसी अनेक सुविधाएं हैं।
7. छात्रों और छात्राओं के कल्याण हेतु रोजगार मेला का आयोजन, कैरियर काउंसलिंग की सुविधा, पुनाश्वर्या, दिक्षरंभ जैसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते हैं

8. ऑनलाइन शिक्षा हेतु  26मार्च 2020 से ही कॉलेज वेबसाइट पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। शिक्षक गूगल क्लासरूम, जूम, गूगल मीट, यूट्यूब, फेसबुक लाइव जैसे विभिन्न माध्यमों से छात्रों और छात्राओं को लगातार शिक्षा प्रदान करते हैं।

9. महाविद्यालय की सारी सूचना कॉलेज और विभाग के सूचना पट्ट के साथ ही व्हाट्सएप और कॉलेज के वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाती है।

10. पिछड़े और अति पिछड़े छात्रों के लिए प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क कोचिग शिक्षा दी जाती है। जो बीपीएससी और ग्रुप सी की तैयारी करने में काफी मददगार साबित हुई है।

11. कॉलेज के ज्यादातर कागज़ी कामों को डिजिटल रूप में करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

12. भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ राजकुमार गुप्ता ने कोरोना के कठिन काल में वर्चुअल लैब से अध्यापन के साथ ही दो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वेवीनार का आयोजन किया।

13. इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ अजीत कुमार राय ने भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार 20 और21 जनवरी 2021 को प्रवासी भारतीयों और गिरमिटिया पर और दूसरा 7 और 8 अप्रैल 2022  को आज़ाद हिन्द फौज और राष्ट्रीय चेतना पर  सफलता पूर्वक संपन्न कराया है।

13. भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने 29 30 सितंबर 2022 को भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक विरासत: संरक्षण और संवर्धन पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करवाया है।

14. वर्तमान में डॉ अजीत राय के निर्देशन में भारतीय प्रवासन और गिरमिटिया पर दो शोध प्रोजेक्ट भी भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से चल रहे हैं।

15. डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी मां मुंडेश्वरी के सांस्कृतिक पर्यटन पर एक शोध प्रोजेक्ट का निर्देशन कर रहे हैं।

16. मनोविज्ञान की अध्यापिका डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता ने 14 से 18 नवंबर 2022 को भारतीय मनोविज्ञान परिषद से प्रायोजित एक फील हैप्पी कार्यशाला को सफलता पूर्वक संपन्न कराया है।

17 खेल कूद में महाविद्यालय ने क्रिकेट का खिताब जीता है और फुटबॉल , वॉलीबाल, बैडमिंटन, चेस, पहलवानी में महाविद्यालय का परचम लहराया है।

18 महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, हिंदी दिवस , संविधान दिवस, बिरसा मुंडा जयंती, गांधी जयंती, सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती, डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती, सम्राट अशोक जयंती, बिहार दिवस, शिक्षक दिवस इत्यादि का आयोजन बहुत धूमधाम से होता है।

19. महाविद्यालय के सेहत केंद्र के माध्यम से कोविड टीकाकरण, रक्तदान और शारीरिक एवम मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

20. एनसीसी के माध्यम से छात्रों में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्र भक्ति की शिक्षा दी जाती है।

21. एनएसएस के माध्यम से छात्रों में सामाजिक जागरूकता, प्रकृति प्रेम और समाज सेवा का अलख जगाया जाता है।

22. IQAC समन्वयक डॉ सुमित कुमार राय के समन्वयन में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता के संवर्धन हेतु एक टीम 24*7 कार्यरत रहती है।

23. महाविद्यालय के सभी कार्य और निर्णय विभिन्न समितियों के माध्यम से पूर्णतः लोकतांत्रिक तरीके से ली जाती है। हर वित्तीय लेखा जोखा का वार्षिक ऑडिट होता है।

24. यहां की लाइब्रेरी पूरे यूनिवर्सिटी में अव्वल दर्जे की है जो पूर्णतः डिजिटल हो रही है।

आप सभी पूर्ववर्ती छात्रों और छात्राओं से महाविद्यालय की अपेक्षा है कि एक सशक्त एलुमनी एसोसिएशन का गठन करके यह समागम हर वर्ष आयोजित करें। साथ ही गरीब और पिछड़े छात्रों और छात्राओं की मदद करके उन्हें सफलता के पथ पर आगे बढ़ाएं।

धन्यवाद



डॉ शंकर प्रसाद शर्मा

प्राचार्य

## समन्वयक



## डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी

आदरणीय अतिथि गण शिक्षक कर्मचारी छात्र और छात्राएं। आप सभी का इस प्रथम पूर्ववर्ती छात्र समागम 2023 में स्वागत है। आपको विदित हो कि गत दिनांक 15 मार्च 2023 दिन बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ कैमूर में अगामी पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन (एलुमनी मीट) 2023 के आयोजन हेतु एक मीटिंग बुलाई गई। जिसमे प्रमख बिंदुओं पर चर्चा हुई और सर्वसहमति से निम्नलिखित निर्णय लिया गया:

1. यह कि SVP College Alumni Meet 2023 अगामी 06 अप्रैल 2023 दिन वृहस्पति वार को दिन के दस बजे से आयोजित किया जाएगा।

2. इस हेतु एक समिति का गठन किया गया है जिसके कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा और संयोजक डा अखिलेंद्र नाथ तिवारी होंगे।

3. आयोजन के दिन एक चुनाव करवाकर नए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जो आगे से पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन हेतु पंजीकृत एसोसिएशन बनाकर प्रत्येक वर्ष देश और विदेश से सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र और छात्राओं को आमंत्रित करके वृहद स्तर पर कार्यक्रम करवाएंगे।

4. एलुमनी मीट में ज्यादा से ज्यादा लोगो को निमंत्रण देना है ताकि वो अपने मातृ संस्था से जुड़े और इसके विकास में हर संभव सहयोग करें।

5. एलुमनी मीट में पंजीकरण फार्म ( जिसका QR कोड और गूगल फॉर्म भी उपलब्ध है)भरकर उसका शुल्क 500 रुपए के साथ आजीवन सदस्यता शुल्क 2000 रुपए या वार्षिक शुल्क 500 रुपए देय होगा जो कैश जमा होगा। इस तरह प्रति प्रतिभागी न्यूनतम 1000 रूपए और अधिकतम 2500 रुपए देय होगा। इस राशि का उपयोग एलुमनी मीट के खर्च हेतु होगा और बची राशि चुने गए समिति को हस्तांतरित होगा।

6. एलुमनी मीट हेतु सभी विभाग अपने काउंटर पर संबंधित सिलेबस, विभागीय उपलब्धियां, फोटो, पुस्तक, जर्नल, प्रबन्ध, पत्रिका, कुछ विशेष उपकरण (उपलब्धता अनुसार) के साथ एक रजिस्टर

रखेंगे जिसमे उस विभाग से संबंधित छात्र और छात्राएं अपने बारे में लिखेंगे और शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ संवाद करेंगे।

7 एलुमनी मीट के मुख्य स्थान का ऑनलाइन प्रसारण और बाह्य लिंक से ऑनलाइन जुड़ने की सुविधा भी दी जाएगी।

8. एक स्थान पर सभी पूर्ववर्ती छात्र और छात्राएं बड़े सादे पोस्टर हस्ताक्षर और अपने संदेश रंगीन परमानेंट मार्कर से लिखेंगे जिसे हर वर्ष रिकार्ड में रखा जाएगा।

9. हर वर्ष एक स्मारिका का विमोचन होगा जिसके लिए लेख, चित्र और अन्य गतिविधियों के आंकड़े इस बार से ही एकत्रित करना है।

आपके सुविधा के लिए सभी प्राचार्य गण की क्रोनोलॉजी, शिक्षकों, कर्मचारियों और दान दाता परिवारों की सूची दी गई है साथ ही महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रेस मीडिया और फोटो दिए गए है जिससे आपको इस महान शिक्षण संस्थान के दिन प्रतिदिन प्रगति की जानकारी मिलेगी।

हम आशा ही नही पूर्ण विश्वास से कह सकते हैं कि हर वर्ष जोश खरोश से इस समागम में शामिल होंगे और इस संस्था के पूर्ण विकास में अपना महती योगदान देंगे

धन्यवाद

Akhilendra Nath Tiwary

**डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी**

समन्वयक

जिम्मेदारी. एसवीपी कॉलेज में छात्रसंघ के निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# छात्रहित व महाविद्यालय की बेहतरी की ली शपथ

- प्रिंसिपल ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

**प्रतिनिधि** ▷ भभुआ नगर

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध और नैक द्वारा मान्यता प्राप्त शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में शुक्रवार को पूरे उत्साहपूर्ण माहौल में छात्र संघ चुनाव में निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ. इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ त्रिवेणीनाथ पांडेय ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी छात्र पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी. कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश नाथ तिवारी ने किया. छात्र पदाधिकारियों ने अपने शपथ में मर्यादित स्वतंत्र व निष्पक्ष भाव से नियमानुकूल अपने कार्यों का निष्पादन, छात्रहित और महाविद्यालय हित में पूर्ण निष्ठा और विश्वास के साथ करने व छात्रसंघ के गुप्त निर्णयों की गोपनीयता का सदैव पालन करने की शपथ ली. सबसे पहले छात्र प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली. उसके बाद कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपसचिव, सचिव व अंत में अध्यक्ष ने शपथ ली. इस दौरान कॉलेज के सभाकक्ष में सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व स्टूडेंट्स भी मौजूद रहे.



प्रिंसिपल के साथ छात्रसंघ के जीते प्रतिनिधि.

**चुनाव प्रबंधन पूरे यूनिवर्सिटी में रहा अव्वल.** बीते फरवरी माह में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव हुआ. पहली बार एसवीपी कॉलेज में हुए छात्र संघ चुनाव को लेकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह रहा. पूरी चुनावी प्रक्रिया काफी शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के मामले में उपनिर्वाची पदाधिकारी डॉ अखिलेश नाथ तिवारी का चुनाव प्रबंधन कार्य पूरे यूनिवर्सिटी में अव्वल रहा. इस पर प्रिंसिपल ने डॉ तिवारी सहित सभी छात्र संघ के निर्वाचित सदस्यों व कॉलेज प्रशासन के सभी शिक्षक व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया. शपथ ग्रहण समारोह में डॉ सीताराम पांडेय, योगनाथ सिंह, प्रो शैलेश रंजन, प्रो राजकुमार गुप्ता, प्रो नियाज अहमद, प्रो मीनल, प्रो माया सिन्हा, प्रो सीमा पटेल, प्रधान सहायक भोलानाथ सिंह, कर्मचारी संघ के सचिव सुजीत कुमार, लाइब्रेरियन सत्येंद्र कुमार, विनोद वर्द्धन, बीसीए विभाग के आशुतोष सिंह, छात्र नेता विवेकानंद पटेल सहित कई स्टूडेंट मौजूद रहे. वहीं, अब शीघ्र ही छात्र संघ कार्यालय भी कॉलेज में खुलेगा.

**इन्होंने ने ली शपथ**

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | सुधीर कुमार |
| उपाध्यक्ष | कुमारी निधि |
| जनरल सेक्रेटरी | पवन कुमार |
| ज्वाइंट सेक्रेटरी | कुमारी प्रियंका सिंह |
| कोषाध्यक्ष | सोनू कुमार |
| छात्र प्रतिनिधि | अश्लेश गौतम, अविनाश कुमार, पूजा कुमारी, कृष्णा कुमार, कृष्णा राम, प्रिंस कुमार सिंह |



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद शिक्षक.

### बोलीं उपाध्यक्ष

छात्रहित को लेकर कोई समझौता नहीं होगा. सभी छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज में बेहतर शैक्षणिक माहौल हेतु प्रयास किया जायेगा.

**कुमारी निधि**, उपाध्यक्ष

### बोले अध्यक्ष

छात्र संघ अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होकर काफी खुशी है. छात्र संघ कार्यालय शीघ्र ही शुरू कराया जायेगा. कॉलेज प्रशासन के सहयोग से छात्रहित के लिए सभी स्तर पर आवाज उठाया जायेगा. रेगुलर क्लासेज के लिए प्रयास जारी रहेगा.

**सुनील कुमार**, अध्यक्ष

### बोले प्रिंसिपल

छात्रसंघ चुनाव के निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को ढेर सारी शुभकामना. कॉलेज प्रशासन के सहयोग से चुनाव से जुड़े सभी कार्य काफी अच्छे ढंग से संपादित हुआ है. कॉलेज में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए सभी का सुझाव अपेक्षित है.

**डॉ टीएन पांडेय**, प्रिंसिपल, एसवीपी कॉलेज

पंजाब नैशनल बैंक

# Student Union Election 2018

# Independence Day





# Field Survey







**Teachers Day Celebration**






**Chain Formation for Peace and Unity**



**Classroom Presentation by Student**




**Pre Examination Training Centre (PETC), Social Welfare Department, Bihar Government for Backward and Extremely Backward Class in Kaimur District, Bihar inaugurated on 1st March 2019**



# आपदा में अवसर: लॉक डाउन के बीच 1200 छात्रों के एक मात्र शिक्षक के प्रयास से पढ़ाई पूरी

## दूसरे शिक्षकों के लिए एसभीपी कॉलेज के प्रोफेसर अखिलेश नाथ तिवारी बने नजीर, आपदा को बनाया अवसर

*पहले लॉक डाउन से ही अब तक करा रहे हैं ऑनलाइन, डिजिटल क्लास और यूट्यूब पर क्लास का वीडियो*

# लॉकडाउन में भी लिंक की मदद से पढ़ सकेंगे छात्र

भभुआ | नगर संवाददाता

## बोले अखिलेन्द्र

- भभुआ के एसवीपी कॉलेज का खुला ई-लर्निंग वेबसाइट पर लिंक
- इंटर से स्नातकोत्तर तक के छात्र घर बैठे करेंगे पढ़ाई

कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान बंद शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई करने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी ने ई-लर्निंग डिजिटल लाइब्रेरी की वेबसाइट पर एसवीपी कॉलेज का लिंक खोला, जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग व ननइंजीनियरिंग सभी स्तर के छात्र-छात्राओं को घर बैठे पढ़ाई करने के लिए मेटेरियल की व्यवस्था है।


उन्होंने बताया कि एसवीपी कॉलेज में कला व विज्ञान दोनों संकायों को मिलाकर 8000 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। कोरोना वासरस की रोकथाम को लेकर देश में हुए लॉकडाउन की वजह से उनकी पढ़ाई नहीं हो रही है। उनकी घर बैठे पढ़ाई हो सके इसको लेकर उक्त लिंक को जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि कॉलेज में कला व विज्ञान संकाय के अलावा दो प्रोफेशनल कोर्स बायोटेक्नोलॉजी व बीसीए भी चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि लिंक पर उक्त दोनों कोर्स के छात्र-छात्राओं के लिए भी मेटेलियल अपलोड किए गए हैं, जिसे डाउनलोड कर आसानी से घर बैठे अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं ई-लर्निंग नेशनल लाइब्रेरी की वेबसाइट पर जाकर एसवीपी कॉलेज का लिंक खोलकर उससे पढ़ाई कर सकते हैं। अखिलेन्द्र ने बताया कि कॉलेज के लिंक पर दुनियां के सभी कोर्स की पढ़ाई करने के लिए उन्होंने मेटेरियल डाल दिया है।

अखिलेन्द्र ने बताया कि अब बच्चों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। वह समय-समय पर वेबसाइट खोलकर लिंक पर जाकर घर में ही पढ़ाई कर सकते हैं। इस संबंध में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश नारायण लाल ने अखिलेन्द्र की प्रशंसा की और हुए बताया कि लॉकडाउन में बच्चों की पढ़ाई को लेकर वह चिंतित थे, लेकिन डॉ. अखिलेन्द्र ने यह अनोखा कार्य करके एक अनोखा सिस्टम बच्चों को घर बैठे पढ़ने के लिए दिया है, जो काफी सराहनीय है।



Online Coronavirus Awareness Programme for students
Patron
Prof (Dr.) Nikhil Kumar Singh
Principal
Jagat Narain Lal College, Khagaul
Jagat Narain Lal college
Est. 1959
Affiliated to Patliputra University, Patna
About the Programme
Whole world is enduring COVID-19 pandemic. The number of cases of corona infections is increasing rapidly because of unawareness among the masses. So, the objective of this programme is to provide information about the virus:
How one gets infected with it.
How one can protect him/her self from getting infected.
Physical perspective of coronavirus.
Mental impact of this pandemic. What stress students developed and how they can cope up with it.
Organizing Committee
Convenor
Dr. Kiran Bala
Head, Dept. of Psychology, J.N.L. College, Khagaul
Co- convenor
Miss Archana Bharti
Assistant Professor, J.N.L College, Khagaul
Organizing
Corona Awareness Programme
on
Sunday,
19th July, 2020
11:30 am to 1:30pm
Platform: Google Meet
Distinguished Speakers
First Speaker
Dr. Sachchidanand Singh
Assistant Professor, Patna Medical College, Patna
Second Speaker
Dr. Rajkumar Gupta
Assistant Professor, S.V.P. College, Bhabua
Third Speaker
Miss Archana Bharti
Assistant Professor, J.N.L. College, Khagaul
Register at the following link:
Please do register before 2pm, 18th July.
Note: E-certificates will be provided to all the participants.
Live Streaming at YouTube
Hosted by:
Department of Psychology
Jagat Narain Lal college
Contact us: +91 94318 84714
Stay home, Stay Safe!

Virtual Labs
An MHRD Govt of India Initiative
Workshop on Virtual Labs
Date: 20-22 July 2020 ; Time-10.00 AM onwards
Join Zoom Meeting
https://us04web.zoom.us/j/77850311271?pwd=L2RLeUlCY1htTjhnT3E3eEZpS05CUT09
Meeting ID: 778 5031 1271
Passcode: 82DQTn
Delegates
Chief Guests
Prof. Kantesh Balani
Professor, IIT Kanpur
Dr. Ashutosh Tiwari
Dean PG, REC Banda
Dr. Raj Kumar Gupta
S.V.P College
Dr. S.N. Lal
Principal, S.V.P College
Prof. Devi Prasad Tewari
Vice-Chancellor
Veer Kunwar Singh University, Ara
ABOUT VLAB
Physical distances and the limited availability of resources put restrictions on conducting experiment. Virtual lab have been designed to provide remote acess labs in various disciplines of science and Engineering. More than 100 virtual Labs are currently ready for use at one website
www.vlab.co.in
OBJECTIVE OF WORKSHOP
1.To understand the concept of Virtual Labs developed by all participating Institutes for remote experimentation.
2. To gain hands on experience on Virtual labs related to Applied science
Free Registration for Science Students and Faculty Members through Whatsapp Link Below
https://chat.whatsapp.com/G0i6qAsEyHf0cnK7d20xvl

सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में अंतराष्ट्रीय वेब कांफ्रेंस में देश व विदेश के नामचीन प्राध्यापकों ने रखे अपने विचार

# संयम व शुद्ध जीवन शैली की जरूरत

## आयोजन

- कोविड-19 का हुआ वैज्ञानिक विश्लेषण और बचाव पर चर्चा
- पटेल कॉलेज में पहली बार जूम एप से जुड़े विज्ञान के शिक्षक

**40** से अधिक विभिन्न देशों के प्राध्यापकों ने लिया भाग

**20** साल में आयोजित हुआ वर्चुअल सेमिनार

## पशु व कोरोना में अंतर बताया

## म्यूटैंट वेरायटी के कारण नहीं बना एंटी वायरस



## जूम एप से दिखाया प्रजेंटेशन

# Veer Kunwar Singh University

Arrah Bihar-802301



## SARS CoV-2 Testing/Diagnosis: NANOMATERIAL-BASED BIOSENSORS USING PHYSICAL PERSPECTIVE

For Registration Email on: vksuwebinar@gmail.com    Last Date For Registration: 9 May 2020 (Saturday)

**Chief Patron**
Prof. Devi Prasad Tewari
Vice-Chancellor

| Patron | Convener | Organizing Committee |
|---|---|---|
| Dr. Satish Narain Lal<br>Principal<br>S.V.P. College<br>BHABUA | Dr. Rajkumar Gupta<br>Assistant Professor<br>S.V.P. College<br>BHABUA | Dr. Akhilender tiwari<br>Dr. Sumit kumar rai<br>Dr. Ajeet kumar rai<br>Mr. Anand prakash |

**Speaker's**

Dr. Sudhisht Srivastava
Assistant Professor, Department of Physics
Gautam Buddha University
Grater Noida, U.P.

Dr. Rajkumar Gupta
Assistant Professor
S.V.P. College
BHABUA

Webinar Date : 10 May 2020 (Sunday) , Time: 11 AM

**Organised By**
Department of Physics
S.V.P. College, Bhabua
Veer Kunwar Singh University
Arrah, Bihar

# विज्ञान कॉन्फ्रेंस 29 से 31 तक

**➲ अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस में छात्र-छात्रा सीधे कर सकेंगे संवाद**

**प्रतिनिधि ▷ भभुआ नगर**

जिले में पहली बार एसवीपी कॉलेज द्वारा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है. इसमें अमेरिका, कनाडा सहित विदेश-देश के कई यूनिवर्सिटी के 25 प्रोफेसर भाग लेंगे. एसवीपी कॉलेज में विज्ञान कॉन्फ्रेंस 29 से 31 मई तक सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक आयोजित होगा. अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस में जिले के छात्र भाग लेकर कोविड-19 सहित अन्य विषय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. साथ ही छात्र-छात्रा सीधे संवाद भी कर सकते हैं.

इस संबंध में जानकारी देते हुए फिजिक्स के हेड डिपार्टमेंट राजकुमार गुप्ता ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी को लेकर पठन-पाठन का कार्य पूरी तरह से बंद है. इसलिए छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने व कोविड-19 पर विशेष जानकारी के लिए अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है. इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए वेबसाइट बनाया गया है. इस वेबसाइट पर जाकर छात्र-छात्रा प्रश्न करेंगे, जिसका जवाब कॉन्फ्रेंस में भाग लिये प्रोफेसरों द्वारा दिया जायेगा.

वहीं, रामकुमार गुप्ता ने बताया कि अगर जो छात्र दूरभाष के माध्यम से जानकारी लेना चाहते हैं, तो उनके लिए मोबाइल नंबर दिया गया है. इस पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस में गुजरात यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ राम, दिल्ली यूनिवर्सिटी के अजीत महापात्रा, डॉ वंदना विनम्रता सिंह सहित कई प्रोफेसर देश व विदेश के भाग ले रहे हैं.

through FB video and love zoom app




2. National Webinar organized by Dr. Raj kumar Gupta, Physics department

दैनिक भास्कर
08-Jul-2020
Page 4

मायूसी है।

रवि शंकर नोनिया मेरे घर में घुसकर की धमकी दे रहा है।

# एसबीपी कॉलेज में शिक्षक संघ गठित

## सीमा पटेल बनीं अध्यक्ष, डॉ. अखिलेंद्र तिवारी को बनाया गया सचिव

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में मंगलवार को बैठक कर शिक्षक संघ का गठन किया गया। शिक्षकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से डॉक्टर सीमा पटेल को शिक्षक संघ का अध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी को संघ का सचिव बनाया गया। सीमा सिंह उपाध्यक्ष बनाई गई। इसके साथ ही ब्रजराज प्रसाद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, डॉ नियाज अहमद सिद्दीकी को संयुक्त सचिव बनाया गया। इसके अलावा पांच अन्य शिक्षकों को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। शिक्षक संघ के गठन के पूर्व महाविद्यालय के 17 शिक्षकों ने आपस में बैठक की। इसमें से कुछ शिक्षकों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शिक्षक संघ के गठन की सहमति दी। आयोजित की गई बैठक के प्रस्ताव पर 14 शिक्षकों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। नवनियुक्त संघ की अध्यक्ष डॉ सीमा पटेल ने बताया कि संघ के गठन के लिए यूनिवर्सिटी शासन एब्जॉर्बर की मांग की गई थी। बैठक के दौरान कुछ शिक्षक नही पहुंच सके। लेकिन उनकी टेलीफो सूचना मिली। यूनिवर्सिटी के द्वारा अलाउद्दीन अली को ऑब्जर्वर बनाया गया था। बैठक में शिक्षक हित, छात्र हित व महाविद्यालय के बेहतर संचालन के लिए भी चर्चा की गई।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 15-07-2022

# सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के शिक्षक संघ की अध्यक्ष बनी डॉ. सीमा सिंह

## सभी पदों पर निर्विरोध चुने गए शिक्षक सचिव बने डॉ एएन तिवारी

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलज के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ सीमा पटेल बनी है। जबकि सचिव पद पर डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी का चुनाव निर्विरोध हुआ है। गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय शिक्षक संघ के विभिन्न पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवारों की घोषणा निर्वाची पदाधिकारी प्रो केशवर प्रसाद भारती ने किया। पदवार निम्नलिखित उम्मीदवार विजयी घोषित हुए।अध्यक्ष पद पर डॉ सीमा पटेल उपाध्यक्ष डॉ सीमा सिंह,सचिव डॉ अखिलेन्द्र नाथ तिवारी,संयुक्त सचिव डॉ नेयाज अहमद सिद्दिकी, कोषाध्यक्ष प्रो बृजराज प्रसाद गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। सचिव डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि शिक्षक संघ मजबूती के साथ शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत रहेगी। शिक्षकों के प्रमोशन सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर शिक्षक संघ अपनी आवाज को प्रमुखता के साथ उठाएगा। शिक्षक संघ शिक्षकों के हितों और जरूरी सभी मुद्दों पर मजबूती के साथ संघर्ष करेगा। इसके अलावा कॉलेज में शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का पुनर्गठन भी हुआ। जिसके सदस्य डॉ महेश प्रसाद, डॉ सोनल, डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ अजीत कुमार राय, डॉ अशद करीम,प्रो केश्वर प्रसाद भारती चुने गए।



**Sardar Vallabh Bhai Patel Jayanti Celebration**



दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 01-11-2020

दैनिक भास्कर
कैमूर आ

एसबीपी कॉलेज में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनी जयंती

# मंगलाचरण के साथ लौह पुरुष सरदार पटेल को किया गया याद

## जिले के विभिन्न प्रखंडों व शिक्षण संस्थानों में हुए कार्यक्रम

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की 145 वीं जयंती मंगलाचरण के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। काशी से आए विद्वान अखिलानंद तिवारी,जितेंद्र तिवारी,और अमित पांडेय ने मंगलाचरण करते हुए शंख की ध्वनि के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सीतारमण पांडे ने की।इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों शिक्षकों शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्रों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।डॉक्टर गोपनाथ सिंह ने सभी भूमि दाता परिवारों को मंच पर माल्यार्पण हेतु आमंत्रित किया।मुख्य अतिथि के रूप में भूमि दाता हीरा सिंह, दाऊ सिंह, अमर सिंह, रामजी सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य त्रिवेणी नाथ पांडे,डॉक्टर कमला सिंह, ब्रह्मदेव सिंह उपस्थित रहे।

**कोरोना प्रोटोकॉल का किया गया पालनः** वैश्विक महामारी कोरोना को देखते हुए सरकार की ओर से जारी किए गए प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कालेज प्रांगण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सीमा पटेल ने किया इस मौके पर डॉक्टर एसपी शर्मा, डॉ महेश प्रसाद,डॉक्टर माया सिन्हा, डॉ सोनल,डॉक्टर बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर सीमा सिंह, नियाज अहमद सिद्धकी,अन्नपूर्णा गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुमित कुमार राय,जितेंद्र कुमार, डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी,आनंद कुमार, रविंद्र कुमार, डॉ सैयद असद करीम, अजीत कुमार राय, मौजूद रहे।इसके अलावा शिक्षकेतर कर्मचारियों में विनोद वर्धन,अवधेश आदि थे।



एसबीपी कॉलेज में पटेल जयंती में शामिल लोग।

## लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को याद किया

**भभुआ** | नगर के पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर शनिवार की सुबह 11 बजे लोगों ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल को याद किया। 145 वीं जयंती के अवसर पर पटेल जयंती समारोह समिति के नेतृत्व में माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से डॉ प्रमोद सिंह, बद्री नारायण सिंह,दिनेश सिंह पटेल, राम प्रसाद सिंह, रामजी सिंह, राजेश सिंह, दाऊ सिंह पटेल,प्रोफेसर डॉक्टर कमला सिंह, बृजेश कुमार, बिरजू सिंह पटेल, पूर्व नगर सभापति अमर देव सिंह, बलदाऊ सिंह, लल्लू सिंह पटेल, विवेकानंद पटेल के अलावा कई गणमान्य उपस्थित रहे। समारोह में सभी उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के याद में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सरदार पटेल अमर रहे के नारे लगाए। देश के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई तथा देशभक्ति को सभी भारत वासियों को अपनाने पर बल दिया।

# एसवीपी कॉलेज में सेमिनार का शुभारंभ

**जासं, भभुआ:** नगर के सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में शुक्रवार को इतिहास विभाग एवं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमिनार का प्रारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा पर कुलपति प्रो. देवी प्रसाद तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद परीक्षा भवन में दीप प्रज्जवलित कर सेमिनार का उद्घाटन हुआ। प्राचार्य डॉ. सीता रमण पांडेय ने सेमिनार की रूपरेखा तथा प्रवासी भारतियों के दर्द को उकेरा।

भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रसार पर और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वीकेएसयू आरा के भोजपुरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. दिवाकर पांडेय ने प्रवासी साहित्य के भाषायी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए साहित्य में जनसामान्य के दुख दर्द को बारिकी से उकेरा। आंबेडकर यूनिवर्सिटी के डॉ. अमित मिश्रा ने मारीशस में प्रवासी भारतीयों की संस्कृति, धर्म, परंपरा एवं रीति रिवाज पर



कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति ● जागरण

व्याख्यायान दिया। वहीं डीआरडीए निदेशक अजय कुमार तिवारी ने प्रशासन एवं वर्तमान प्रवासन पर अंतर करते हुए दोनों के तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। कुलपति डीपी तिवारी ने मध्य पाषाण काल से आधुनिक समय तक के बीच मानवीय प्रवासन के छह चरणों का उल्लेख करते हुए क्षेत्र विशेष की भाषायी जड़ों को तलाशने पर जोर दिया। भोजपुरी भाषा का उल्लेख करते हुए छोटा एवं बड़ा भोजपुर गांव से इसका उद्भव बताते हुए भाषायी संस्कृति एवं प्रवासन के बाद सुदूर देशों में पहुंची भोजपुरी संस्कृति तथा उसके उपरांत राजनीतिक व आर्थिक संबंधों पर चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर सह संयोजक डॉ. अखिलेंद्र तिवारी, सुमित राय, राज कुमार गुप्ता, आनंद प्रकाश, गोपनाथ सिंह, प्रो. जगजीत सिंह, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. सीमा पटेल, डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सच्चाई की राह........
# बिहार दर्शन न्यूज

सासाराम, सोमवार 25 जनवरी 2021 www.livebihardarshan.com

# प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का सफलपूर्वक हुआ समापन

**भभुआ (कैमूर), बिहार दर्शन।** सरदार वल्लभभाई पटेल कालेज में भारतीय इतिहास अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का सफलपूर्वक समापन हुआ। सेमिनार संयोजक डॉ0 अजीत कुमार राय ने बताया कि इस दो दिवसीय सेमिनार में लगभग 100 से अधिक शोध पत्रों का वाचन हुआ। सेमिनार के दूसरे दिन का मुख्य







आकर्षण प्रोफेसर लक्ष्मण राय स्मृति व्याख्यान रहा। जिसमें उनके तीन छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही कॉलेज के 30 भूमिदानदाताओं के परिवार को भी प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। समापन सत्र में सह-संयोजक डॉ0 अखिलेंद्र नाथ त्तिवारी और डॉ0 नित्यानंद सिंह ने आयोजक सदस्यों और छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विधायक भरत बिंद, बद्रीनारायण सिंह, उपजिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 09-04-2022

**आयोजन** • प्रवासी भारतीयों का प्रतिरोध और राष्ट्रीय चेतना नामक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

# आजाद हिन्द फौज की सेना ने भारत को स्वतंत्र कराने में निभाई थी अहम भूमिका

## सेमिनार में उपस्थित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

भास्कर न्यूज़ | भभुआ

शुक्रवार को शहर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन कार्यक्रम का समापन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित व इतिहास संकलन समिति बिहार व सरदार बल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के संयुक्त तत्वावधान में आजाद हिन्द फौज और प्रवासी भारतीयों का प्रतिरोध और राष्ट्रीय चेतना नामक विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन था।जिसमें मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव, प्राचार्य महोदय डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, अध्यक्ष डॉ. सीमा पटेल, संयोजक डॉ. अजीत कुमार राय आदि अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

### 32 भूमिदाता परिवार को सम्मानित किया गया

दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन के मौके पर कॉलेज के भूमिदाताओं के परिवार को सम्मानित किया गया। जिसमें 32 भूमिदाता परिवार को सम्मानित किया गया। दो तकनीकी सत्रों में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता पटेल महाविद्यालय भभुआ, राज अमन, विजया लक्ष्मी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय आरा, दीपक कुमार श्रीवास्तव सासाराम, स्व. प्रोफेसर लक्ष्मण राय पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग के स्मृति व्याख्यानमाला में डॉ. अनुराधा सिंह, और डॉ. अभय कुमार, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. शशिकेश कुमार,डॉ. शिवशंकर बीएचयू वाराणसी, आदि ने अपना पेपर पढ़ें। इस दो दिवसीय सेमिनार में कई विभिन्न विश्वविद्यालयों एमयू बोधगया, जेपीयू छपरा, एलएमएनयू दरभंगा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, बीएचयू वाराणसी आदि जगहों के प्रोफेसर व विद्वान व्याख्यान दिए।



सेमिनार में उपस्थित अतिथि।

### सेमिनार का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम के लिए ऊर्जा जगाना हैं

इस राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के विभिन्न पहलुओं, आजाद हिन्द फौज और प्रवासी भारतीयों का भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान को विभिन्न विद्वानों के वक्तव्य के माध्यम से जानने की कोशिश होगी। सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज की सेना ने भारत को स्वतंत्र कराने में महती भूमिका का निर्वहन किया था। संयोजक डॉ. अजीत कुमार राय ने सेमिनार के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों का विशेष आभार प्रकट किया। स्वतंत्र भारत के विचार के प्रति अपनी उग्र प्रतिबद्धता दिखाने के लिए उन्होंने आजाद हिंद के गठन जैसे साहसी कदम उठाए। ये उन्हें राष्ट्रीय प्रतीक बनाते हैं। उनके आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### प्रथम दिन रात्रि को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन, छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर मोहा मन

प्रथम दिन रात्रि को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। जो बहुत ही सराहनीय एवं सुन्दर रहा। इन सब ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रदर्शनी में भी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बढ़कर पेन्टिंग बनाया। विषय जिसमें आजाद हिन्द फौज और प्रवासी भारतीयों का प्रतिरोध और राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत चयन किया गया। प्रथम स्थान प्रीति मौर्या, द्वितीय स्थान अमीषा पटेल, तृतीय स्थान सुरभी कुमारी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोगों के प्रयास से ही सफल हो सका। इस सेमिनार में बेहतर कार्य को देखते हुए सभी स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. शंकर कुमार शर्मा, अध्यक्ष डॉ. सीमा पटेल ,संयोजक डॉ. अजीत कुमार राय, सह-संयोजक डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. केशव प्रसाद भारती, डॉ. सोनल, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. बृजराज कुमार गुप्ता, डॉ. सीमा पटेल, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ सीमा पटेल, डॉ. सीतारमण पाण्डेय, डॉ. महेश सिंह, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, आशुतोष और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों में सत्येन्द्र कुमार, विनोद वर्मन, अवधेश कुमार इत्यादि एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय सेमिनार

# देश की आजादी के इतिहास से नई पीढ़ी को कराएं रू-ब-रू

भभुआ, एक प्रतिनिधि। शहर के सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज परिसर में शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे भाग का आयोजन किया गया। प्रथम भाग गुरुवार को लिच्छवी भवन में कराया गया था। राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित की गई थी। जिसे इतिहास संकलन समिति बिहार एवं सरदार बल्लभभाई पटेल महाविद्यालय प्रशासन ने संयुक्त रूप से आयोजित कराया।



कैप्शन-शहर के सरदार बल्लभ भाई पटेल कालेज में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में उपस्थित लोग ।

समारोह के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव, एसवीपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, अध्यक्ष डॉ. सीमा पटेल, संयोजक डॉ. अजीत कुमार राय आदि अन्य गणमान्य उपस्थित रहें। समारोह के दूसरे दिन के शुरुआत में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। वहीं छात्रों के पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। समारोह के तकनिकी सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता, रामरति मनोरमा देवी पटेल महिला डिग्री महाविद्यालय भभुआ राज अमन, विजया लक्ष्मी, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय आरा दीपक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. लक्ष्मण राय, पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, काशी हिन्दु विश्वविद्यालय के डॉ. शशिकेश कुमार ने संबोधित किया। इस दो दिवसीय सेमिनार के दुसरे दिन एमयू बोधगया, जेपीयू छपरा, एलएमएनयू दरभंगा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, बीएचयू वाराणसी आदि जगहों के प्रोफेसर व विद्वान व्याख्यान दिए।

देश के विभिन्न महाविद्यालय से आए व्याख्याताओं ने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य आज की नई पीढ़ी को आजादी के इतिहास की जानकारी देना है, ताकि उनके अंदर देश प्रेम की ऊर्जा का संचार हो सके। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के गठन किए गए आजाद हिंद फौज का देश को स्वतंत्र कराने में बहुत बड़ा योगदान था। वहीं इनके योगदान में प्रवासी भारतीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। नेताजी की वीर गाथा आज हमें देश प्रेम के लिए आंदोलित ही नहीं करती कुछ सीखने का भी अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम में सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय को डॉ. अजीत कुमार राय, डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ. केशव प्रसाद भारती, डॉ. सोनल, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. बिज राज कुमार गुप्ता, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. सीतारमन पांडेय, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी, आशुतोष कुमार, सत्येंद्र कुमार, विनोद वर्मा, अवधेश कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

सच्चाई की राह........
बिहार दर्शन न्यूज

सासाराम, शनिवार 09 अप्रैल, 2022 www.livebihardarshan.com

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का हुआ आयोजन



**भभुआ (कैमूर), बिहार दर्शन।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंति पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा प्रायोजित व इतिहास संकलन समिति बिहार व सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के संयुक्त तत्वावधान में आजाद हिन्द फौज और प्रवासी भारतीयों का प्रतिरोध और राष्ट्रीय चेतना नामक विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन भभुआ के लिच्छवी भवन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईसीएचआर नई दिल्ली के पूर्व सदस्य सचिव और ईश्वर शरण महाविधालय प्रयागराज के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शंकर सिंह और उद्घाटनकर्ता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के कुलपति के. सी सिन्हा विशिष्ट अतिथि प्रो० घनश्याम बीएचयू,प्रो० राजीव रंजन आईसीएचआर के सदस्य,प्रतिकुलपति प्रो० चन्द्रशेखर चौधरी, दो आईसीएचआर के पर्यवेक्षक डॉ० विनोद कुमार,डॉ० प्रवीण कुमार, प्राचार्य डॉ० शंकर कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य ने दीप प्रज्ज्वलित कियें। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। सेमिनार के अंतर्गत किताब विमोचन किया गया। स्वागत गीत व अतिथि देवों भवरू बच्चियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तकनीकी सत्रों में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर डॉ० विकास कुमार प्रयागराज,डॉ० शिवानी भरद्वाज भागलपुर,डॉ० दीपक कुमार, डॉ० आनंद कुमार त्रिपाठी आरा,डॉ० रवी शंकर वाराणसी आदि ने अपना पेपर पढ़ें। इस सेमिनार में कई विभिन्न विश्वविद्यालयों एमयू बोधगया, जेपीयू छपरा,एलएमएनयू दरभंगा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय,पटना विश्वविद्यालय,बीएचयू वाराणसी आदि जगहों के प्रोफेसर व विद्वान व्याख्यान दिए। इस राष्ट्रीय सेमीनार के माध्यम से सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के विभिन्न पहलुओं,आजाद हिन्द फौज और प्रवासी भारतीयों का भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान को विभिन्न विद्वानों के वक्तव्य के माध्यम से जानने की कोशिश होगी। सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज की सेना ने भारत को स्वतंत्र कराने में महती भूमिका का निर्वहन किया था। स्वतंत्र भारत के विचार के प्रति अपनी उग्र प्रतिबद्धता दिखाने के लिए उन्होंने आजाद हिंद के गठन जैसे साहसी कदम उठाए। ये उन्हें राष्ट्रीय प्रतीक बनाते हैं। उनके आदर्श और बलिदान हर भरतीय को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। इस सेमिनार का मूल उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम के लिए ऊर्जा जगाना हैं।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 08-05-2022

# एसबीपी में रिसर्च डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया

## रिसर्च सेल का समन्वयक डॉ. अजीत को बनाया गया

सिटी रिपोर्टर । भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में नई शिक्षा नीति के तहत रिसर्च डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया है। जिसकी आज प्रथम बैठक प्राचार्य डॉ. शंकर कुमार शर्मा के द्वारा बुलाया गया। इस सेल के समन्वयक डॉ.अजित कुमार राय सह समन्वयक डॉ. आनंद प्रकाश बनाए गए है। समन्वयक डॉ. अजित कुमार राय ने सेल के माध्यम से कालेज में शिक्षण अधिगम और शोध कार्यों के बढ़ावा पर जोर दिया। इस सेल के अंतर्गत सबने अपनी-अपनी बातें रखी और राय दी। साथ ही विभागीय सेमिनार, प्रोजेक्ट, पब्लिकेशन पर जोर दिया गया और प्रत्येक मास हर विभाग में एकेडमिक कार्यों को जारी करने पर विचार किया गया। इस सेल के अंतर्गत छः कमेटी का गठन किया गया है। इस बैठक में डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. केशव प्रसाद भारती, डॉ. सोनल, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. बृजराज कुमार गुप्ता, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अहमद सिद्दीकी, इत्यादि उपस्थित रहें ।

6 दैनिक जागरण
पटना, 19 मई 2022
www.jagran.com
कैंपस जागरण

# एसवीपी कालेज में एआइआर नेक्स्ट का हुआ अनावरण

आरा, जागरण: सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के अंतर्गत डा. अजीत कुमार राय की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आकाशवाणी सासाराम द्वारा एआइआर नेक्स्ट के तहत कार्यक्रम किया गया। जिसमें आकाशवाणी की टीम से डा. श्याम सुंदर तिवारी और कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में बुधवार को एआइआर नेक्स्ट का अनावरण किया। कार्यक्रम में बताया गया कि आगामी 25 मई को एक प्रतियोगिता के माध्यम से दो छात्रों का अंतिम रूप से चयन होगा। उनको आकाशवाणी में कार्यक्रम संचालन करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम को पूरे बिहार के विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित किया जाता है। प्रतियोगिता पांच चरणों में होगी। पहला चरण परिचय का होगा। इसके अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को एक मिनट का समय दिया जाएगा। उस एक मिनट में प्रतिभागी को अपने बारे में बताना होता है। दूसरे चरण में आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में प्रत्येक प्रतिभागी को दो मिनट मिलेगा। तीसरे चरण में दो मिनट में सन 2047 में सपनों का भारत आप कैसा देखना चाहते हैं और उसमें आपका क्या योगदान रहेगा इस बारे में बताना होगा। चौथे चरण में दो मिनट में हर प्रतिभागी को अपने बारे में बताना होगा। अंतिम चरण में अपने जिले के बारे में अथवा किसी स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जानकारी देनी होगी। प्रतिभागियों का मूल्यांकन एक कमेटी करेगी। इसमें आकाशवाणी के दो अधिकारी रहेंगे और एक या दो अधिकारी महाविद्यालय से होंगे। उनका चयन महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा होगा।


कार्यक्रम को संबोधित करते आकाशवाणी टीम के सदस्य • जागरण


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व शिक्षक • जागरण

इसमें दो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन होगा। उन प्रतिभागियों को आकाशवाणी में आकर एआईआर नेक्स्ट प्रोग्राम होस्ट करने का मौका दिया जाएगा। इसका प्रसारण बिहार के सभी आकाशवाणी केंद्र एक साथ करेंगे। सभी प्रतिभागियों की आवाज उनके विचारों के साथ आकाशवाणी सासाराम के युववाणी कार्यक्रम में एडिट कर प्रसारित की जाएगी। 16 जून को इस कार्यक्रम का प्रसारण दिन में दो बजे से किया जाएगा। इसे बिहार स्थित सभी आकाशवाणी केंद्र रिले करेंगे। जिन विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा उनको पारितोषिक पांच सौ रुपये के साथ ही अनुबंध पत्र, सर्टिफिकेट, स्मारक चिह्न आदि दिए जाएंगे। कार्यक्रम में डा. सीमा पटेल, डा. अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डा. अजीत कुमार राय, डा. सोनल, डा. सीमा सिंह, डा. बृज राज प्रसाद गुप्ता और डा. नेयाज अहमद सिद्दीकी के साथ ही छात्रों में शुभनम, अंकित, शिवम, मौसम, अनुपम, राजन सहित अन्य उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

पूर्व मध्य रेल
कार्यालय मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना

**कैमूर भास्कर** 13-07-2022

**सहूलियत** • बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्किन के बारे में छात्रों को दी गई जानकारी

# छात्रों के लिए शुरू होंगे कई कार्यक्रम व कोर्स

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में छात्र छात्राओं के लिए बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के सन्दर्भ में जानकारी देने हेतु प्रस्तुति प्लेसमेंट सेल की तरफ से आयोजित की गयी। इस सन्दर्भ में प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ सुमित कुमार राय ने बताया की पहले यह स्कीम सिर्फ इंजीनियरिंग पास छात्रों के लिए ही था, पर अब सामान्य कला, विज्ञान और कॉमर्स कोर्स के विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध है। इस स्कीम के तहत अगर कोई छात्र किसी कंपनी या उद्योग में अप्रेंटिसशिप करता है तो उसे सरकार के तरफ से स्टाइपेंड मिलता है।

इस स्कीम के तहत पिछले साल सवा लाख विद्यार्थी लाभांवित हो चुके हैं। डॉ. सुमित कुमार राय ने bopter.gov.in के वेबसाइट से स्टूडेंट्स को सीधे इनरोल करवाया। प्राचार्य डा एसपी शर्मा ने अपने संबोधन में यह बताया कि आने वाले समय में कॉलेज में छात्रों के स्किल डेवलपमेंट के लिए ऐसे कई कार्यक्रम और कोर्स शुरू होंगे। उन्होंने ये भी बताया की प्लेसमेंट सेल के तरफ से निरंतर इस तरह का कार्यक्रम कराया जायेगा। जिससे की या तो बच्चो को करियर से सम्बंधित जानकारी मिलते रहे या नौकरियां मिलती रहीं।

## एसवीपी कॉलेज में शुरू होंगे सभी कोर्स कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



प्लेसमेंट सेल के लिए आयोजित कार्यशाला में उपस्थित छात्र।

### सरकार के पास डेटाबेस तैयार होगा

उन्होंने बताया की वह महाविद्यालय और छात्रों के उत्थान के लिए रात दिन मेहनत करते है।डॉ सुमित राय ने ये भी जानकारी दी NATS के वेबसाइट पे जाकर नामांकन करना होगा। उद्योग और सरकार के पास एक डाटा बेस तैयार हो जायेगा। वेबसाइट पर अच्छे कंपनियों में नौकरी का भी सूचना मिलता है। इस कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने सहभागिता लेकर लाभांवित हुए। इस मौके पर शिक्षको में डा नेयाज अहमद सिद्दीकी, डा राजकुमार गुप्ता, डा अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डा अजीत कुमार राय,डा आनंद प्रकाश उपस्थित थे।

# रोजगार मेले के लिए छात्रों को किया गया प्रशिक्षित

**सर्टिफिकेट कोर्स**

भभुआ, एक प्रतिनिधि। सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में मंगलवार को रोजगार मेले की तैयारी को लेकर छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। छात्रों को इस बात की जानकारी दी गई कि पहले टेक्निकल कोर्स करने वाले छात्रों का कैंपस सलेक्शन के लिए अभियान चलाए जा रहे थे, लेकिन अब सामान्य विषयों से कोर्स करने वाले छात्रों को भी नौकरी देने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में कंपनियां पहुंच रही हैं।

छात्रों के भविष्य को देखते हुए कॉलेज में लगाए जाने वाले रोजगार मेले के संयोजक डॉ. सुमित कुमार राय ने बताया कि अब कॉलेज में सरकार और विश्वविद्यालय के निर्देश पर सर्टिफिकेट कोर्स कराए जा रहे हैं। छात्र चाहें तो इंटर पास छात्र स्नातक की डिग्री के साथ-साथ सर्टिफिकेट कोर्स की भी पढ़ाई कर सकते हैं और दोनों की डिग्री मिल सकती हैं। ऐसे में जिन छात्रों के पास सर्टिफिकेट कोर्स और रेगुलर कोर्स की डिग्री होगी, उनका आसानी से किसी न किसी कंपनी में सलेक्शन हो जाएगा और उनके रोजगार के अवसर प्राप्त हो जाएंगे।

बायोटेक कोर्स के लिए शुरू हुआ नामांकनःएसवीपी कॉलेज में बायो टेक कोर्स करने की इच्छा रखने वाले छात्रों का नामांकन शुरू हो गया है कालेज प्रशासन बायोटेक को फार्मासिस्ट कल कंपनियों से जोड़ने की तैयारी में लगी है। कालेज के शिक्षक डॉक्टर ने आज अहमद सिद्दीकी डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी आदि ने बताया कि बायो टेक कोर्स को फार्मासिस्ट कल कंपनी से जुड़ने के बाद जैसे-जैसे उनके रिक्वायरमेंट होंगे वह आकर छात्रों का सिलेक्शन करेंगे और छात्रों को रोजगार के अवसर मुहैया कराएंगे।

- अब सामान्य कोर्स के छात्र भी होंगे चयनित,एसवीपी कॉलेज को रोजगार मेले के लिए किया जा रहा है तैयार
- स्नातक के साथ सर्टिफिकेट कोर्स करने वाले छात्रों को मिलेगा लाभ

एसवीपी कॉलेज में मंगलवार को आयोजित रोजगार मेले के प्रशिक्षण में शामिल छात्र छात्राएं।



## पिछले साल काफी छात्रों को मिला था लाभ

कॉलेज में पिछले साल विश्वविद्यालय के निर्देश पर रोजगार मेला आयोजित हुआ था, जिसमें बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों की कई कंपनियों ने भाग लिया था। मेले में काफी छात्र चयनित हुए थे। शिक्षक डॉ. अमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश आदि ने बताया कि कई कंपनियों के भाग लेने से अपनी सुविधा के अनुरूप और छात्रों के ज्ञान के आधार पर कंपनियों ने उन्हें ऑफर लेटर दिया था, जिसमें काफी छात्र कंपनी से जुड़कर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब एसवीपी कालेज में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होने से उन्हें विषय और क्लास के अलावा अन्य व्यावसायिक कोर्सों की जानकारी आसानी से मिल रही है। अब काफी छात्र के कंपनियों में चयनित होने की संभावना बढ़ रही है। ऐसे में जो छात्र-छात्रा कंप्यूटर फैशन डिजाइन आदि के कोर्स से जुड़ी है, उनका चयन आसानी से हो सकता है।

❝ छात्रों को पढ़ने के बाद नौकरी की हमेशा चिंता बनी रहती थी। सरकार व विश्वविद्यालय के निर्देश पर रोजगार मेले का सृजन किया जा रहा है, जिसमें कई कंपनियां भाग ले रही हैं। अब छात्रों का आसानी से कैंपस सलेक्शन हो रहा है और छात्र अपने भविष्य को संवार रहे हैं।

-डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, प्राचार्य एसवीपी कॉलेज

# महाविद्यालयों में बेहतर शिक्षा दिलाना प्राथमिकता

## भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, संरक्षण व संवर्धन को ले आयोजित सेमिनार का कुलपति ने किया उद्घाटन

**संवाद सहयोगी, भभुआ:** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लिच्छवी भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, संरक्षण और संवर्धन को लेकर आयोजित किया गया। जिसका गुरुवार को उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, प्रति कुलपति प्रो. सी. एस चौधरी, कुलसचिव प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. रणविजय सिंह, सीसीडीसी प्रो. नीरज कुमार, शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष प्रो. दिवाकर पांडेय और कई प्राचार्य तथा पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लेकर चर्चा की गई। सेमिनार से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया गया। कुलपति ने कहा कि महाविद्यालयों में बेहतर शिक्षा छात्र-छात्राओं को दिलाने का पूरा प्रयास होगा। इसके लिए महाविद्यालयों में सभी कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी तरह के पाठ्यक्रम को महाविद्यालयों में शुरू कराने का प्रयास हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय बनारस के भूतपूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. राणा पी बी सिंह, ईश्वर शरण पी जी कालेज प्रयागराज के डा. विकास कुमार, सेंट्रल यूनिवर्सिटी दक्षिण बिहार गया के डा. पारिजात प्रधान, गया कालेज के डा. किशोर कुमार आदि रहे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से 15 शोधार्थी, पटना से सात, भोपाल से दो लोगों ने आदि ने पेपर परिचर्चा में भाग लिया। इस सेमिनार की स्मारिका और सह संयोजक डा. अजीत कुमार राय द्वारा संपादित जनवरी 2021 में हुए राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों पर आधारित दो पुस्तक भोजपुरी लोक संस्कृति का वैश्विक स्वरूप (मारीशस के विशेष संदर्भ में) भारतीय प्रवासन और उसका भोजपुरी प्रक्षेत्रीय मूल का विमोचन होगा। अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी किए। प्रथम दिन विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राचार्य को शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डा. शंकर कुमार शर्मा, शिक्षकों में डा. अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डा. अजित कुमार राय, डा. सीमा पटेल, डा. सीमा सिंह, डा. अन्नपूर्णा गुप्ता, डा. सोनल, डा. महेश प्रसाद, डा. सुमित कुमार राय, डा. केशवर प्रसाद भारती, डा. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डा. आनंद प्रकाश, डा. राजकुमार गुप्ता, डा. धनंजय राय व स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहे।



कुलपति को मोमेंटो भेंट करते प्राचार्य। ● जागरण



पुस्तक का विमोचन करते मुख्य अतिथि



सेमिनार में मौजूद लोग। ● जागरण

कैमूर भास्कर 30-09-2022

**राष्ट्रीय सेमिनार** • लिच्छवी भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन वीकेएसयू के कुलपति ने किया

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर हुई चर्चा

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर व्यापक चर्चा हुई। बता दें कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित देश की आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लिच्छवी भवन भभुआ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और संवर्धन हेतु उद्घघाटन मुख्य अतिथि विश्विद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, प्रति कुलपति प्रो. सीएस चौधरी, कुलसचिव प्रो. धीरेंद्र कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. रणविजय सिंह, सीसीडीसी प्रो.नीरज कुमार, शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष प्रो. दिवाकर पांडेय और कई प्राचार्य तथा पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य ने दीप प्रज्वलित किया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लेकर चर्चा की गई। सेमिनार से संबंधित पुस्तकें विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी के प्रकांड विद्वान और काशी हिंदू विश्वविद्यालय बनारस के भूतपूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो राणा पीबी सिंह, डॉ.विकास कुमार ईश्वर शरण पीजी कॉलेज प्रयागराज, डॉ. पारिजात प्रधान सेंट्रल यूनिवर्सिटी दक्षिण बिहार गया, डॉ.किशोर कुमार गया कॉलेज आदि रहें। इस सेमिनार की स्मारिका और सह संयोजक डॉ.अजीत कुमार राय द्वारा संपादित जनवरी 2021 में हुए राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत शोध पत्रों पर आधारित दो पुस्तक भोजपुरी लोक संस्कृति का वैश्विक स्वरूप मॉरीशस के विशेष सन्दर्भ में भारतीय प्रवासन और उसका भोजपुरी प्रक्षेत्रीय मूल का विमोचन हुआ।




राष्ट्रीय सेमिनार में वीकेएसयू के कुलपति समेत मानिंद।

**महाविद्यालय के प्राचार्य को शिक्षा रत्न से सम्मानित किया :** प्रथम दिन विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राचार्य गण को शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शंकर कुमार शर्मा, सेमिनार के संयोजक डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ.अजित कुमार राय, डॉ. सीमा पटेल, डॉ.सीमा सिंह, डॉ.अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ. सोनल,डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. केशवर प्रसाद भारती, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. धनंजय राय व स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहें।

कैमूर भास्कर 01-10-2022

# पुरातत्व सर्वेक्षण स्थानों के उल्लेख में कैमूर में मिले सिक्कों के पर विशेष चर्चा हुई

सिटी रिपोर्टर | भभुआ




राष्ट्रीय सेमिनार में मानिंद।

राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन लिच्छवी भवन भभुआ में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अगामी राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और संवर्धन हेतु किया गया। दूसरे दिन छह तकनीकी सत्र चला उसके बाद समापन सत्र दो बजे शुरू हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वैदिक विज्ञान केंद्र के प्रो. उपेंद्र त्रिपाठी, मुख्य वक्ता प्राचीन भारतीय इतिहास पुरातत्व विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार ने काशी से पाटलिपुत्र के मध्य कई पुरातत्व सर्वेक्षण के स्थानों का उल्लेख किया जिसमे भभुआ में मिले सिक्कों के बारे में विशेष चर्चा की। विशिष्ट अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय भारत अध्ययन केंद्र के प्रो. ज्ञानेंद्र राय रहें। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के समापन समारोह में सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के भूमिदाता परिवारों को वल्लभ सम्मान दिया गया।कैमूर के प्रबुद्ध पत्रकारों को बिहार बंधु सम्मान, छात्रों को देवी प्रसाद चौधरी सम्मान, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को कर्मवीर सम्मान और अच्छे शोध पत्र प्रस्तोता को प्रोफेसर परशुराम शर्मा सम्मान दिया गया। पांच उत्तम शोध पेपर का परशुराम शर्मा पुरस्कार डॉ दीपक कुमार, निशा सिंह, प्रियंका ठाकुर, डॉ शैलेंद्र सिंह और डॉ सीमा सिंह को दिया गया।इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अखिलेंद्र नाथ तिवारी, सह-संयोजक डॉ. अजित कुमार राय, शिक्षको में डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. केशवर प्रसाद भारती, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. धनंजय राय, डॉ बृज राज प्रसाद गुप्ता, डॉ.जितेंद्र कुमार, डॉ.रवीनिश कुमार आदि उपस्थित रहें।

**हिन्दुस्तान**

# मारीशस में गिरमिटिया व्यवस्था पर संगोष्ठी

- कार्यक्रम में मॉरीशस की शोध अधिकारी डॉ. बबीता बहादुर ने गिरमिटिया व्यवस्था पर दिए व्याख्यान
- आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ट व शोध और विकास प्रकोष्ट की ओर से कराया गया कार्यक्रम

भभुआ, एक प्रतिनिधि। सरदार बल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ एवं शोध और विकास प्रकोष्ठ की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मॉरीशस से आई शोध अधिकारी डॉ. बबीता बहादुर ने अप्रवासी घाट और मॉरीशस में गिरमिटिया व्यवस्था विषय पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा एवं संचालन अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने शोध अधिकारी को अंग वस्त्र, मां मुंडेश्वरी के चित्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने शोध अधिकारी को बिहार की बेटी बताकर उन्हें गौरवान्वित किया।

गिरमिटिया व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शोध अधिकारी ने कहा कि लगभग 200 साल पहले पर भारतीय यहां से गए और दुःख दर्द को सहते हुए आज इस व्यवस्था तक पहुंचे हैं कि अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाने में सफल हुए हैं।



संगोष्ठी को संबोधित करती मॉरीशस की शोध अधिकारी डॉ. बबीता बहादुर। ● हिन्दुस्तान



सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज में गुरुवार को आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते लोग।

उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज बिहार के गया जिले से वर्ष 1859 में कोलकाता होते हुए मॉरीशस पहुंचे थे, जहां उन्हें गन्ने के खेत में मजदूरी करने का कार्य दिया गया था। धीरे-धीरे अपने काम के बल पर वह उच्च पद तक पहुंचे। आज अपने यहां मिले सम्मान से शोध अधिकारी काफी खुश दिखे।

इस आयोजन और बिहार आने का श्रेय डॉ. अजीत कुमार राय को दिया। उनके आग्रह पर मॉरीशस से यहां कार्यक्रम में शामिल होने आई हूं।

मौके पर डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. धनंजय राय, डॉ. मुकेश, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. सोनल, डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. अंगद पटेल, डॉ. सोनल पटेल, डॉ. बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

---

# वाहन चलाने के दौरान सड़क सुरक्षा के नियमों का करें अनुपालन





आयोग

रीक्षा का कार्यक्रम

# अध्ययन केंद्र से सभी पी जी, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स का किया जाएगा संचालन



नबिटा संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** आज सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के नूतन भवन में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र का उद्घाटन प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया। साथ ही रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस अध्ययन केंद्र के माध्यम से सभी पीजी, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जायेगा। यह अध्ययन केंद्र इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र, पटना द्वारा संचलित होगा। इस अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अजीत कुमार राय को बनाया गया है। डॉ अजीत कुमार राय ने बताया कि विभिन्न विषयों के लिए एकेडमिक काउंसलर की नियुक्ति की जा रही है। जल्द ही अध्ययन केंद्र से पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। साथ ही शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के ऑफिस का भी उद्घाटन किया गया। इस सेल के माध्यम से कालेज में विभिन्न एकेडमिक, शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को बढ़ाया जायेगा। इस सेल के सह समन्वयक डॉ आनन्द प्रकाश, समन्वयक डॉ अजीत कुमार राय एवं सेल के पांच उपखंड के विभिन्न समन्वयक डॉ. अखिलेंद्र तिवारी, डॉ सीमा सिंह, डॉ सुमित राय हैं। इस अवसर पर डॉ महेश प्रसाद, डॉ सीमा पटेल, डॉ नेयाज अहमद सिद्दीकी, बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ सीमा सिंह, डॉ सोनल, डॉ मुकेश, डॉ धनंजय राय, आशुतोष सिंह, सोनल पटेल, अंगद पटेल, पुस्तकालय प्रभारी सत्येंद्र कुमार, अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, विनोद वर्धन, जयप्रकाश और छात्रों में ओमप्रकाश, पंकज, अंकित, सिद्धांत उपस्थित थे।

Recognitions & Regulatory Approvals

Call: 8800697010/12/14, 011-4888 4888 (Admission office open from Monday to Sunday) | Sohna Road, Gurugram, Delhi-N

Regional offices: Uttar Pradesh: #9311256337, Jharkhand: #8800697019, Uttarakhand: #9311256336, Himachal/J & K/Punjab: #

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

अपने युवा

# एसवीपी कॉलेज में स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई शुरू

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों को छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। अब प्रशिक्षित शिक्षक स्मार्ट बोर्ड पर छात्रों को पढ़ाना शुरू कर दिए हैं। इस प्रकोष्ठ का समन्वयक महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. आशुतोष कुमार को बनाया गया है, ताकि भविष्य में सभी कक्षाओं का संचालन यूजीसी के मानक के अनुसार किया जा सके।

**08** स्मार्ट बोर्ड लगे हैं कॉलेज में, 15 विभागों का हो रहा संचालन

**अच्छी खबर**



शहर के एसवीपी कॉलेज में शुक्रवार को स्मार्ट बोर्ड पर छात्र व पढ़ाते व्याख्याता।

भभुआ, एक प्रतिनिधि। शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय के छात्रों की पढ़ाई अब स्मार्ट बोर्ड पर शुरू की गई है। इसके लिए कॉलेज में पढ़ाने वाले प्राध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया है, ताकि शिक्षण कार्य के दौरान किसी तरह की दिक्कत आने पर उसका ऑनस्पॉट निष्पादन किया जा सके। स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई शुरू होने से छात्रों और शिक्षकों को काफी सुविधा मिल रही है। महाविद्यालय में यह पहल आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ की ओर से की गई है।

हालांकि महाविद्यालय में 13 विभागों के अलावा बीसीए और बायोटेक के छात्रों की पढ़ाई होती है, जिसमें कुल 15 वर्ग कक्ष हो जाते हैं। हालांकि अभी सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में आठ स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। लेकिन, भविष्य में इसकी संख्या बढ़ाने की योजना कॉलेज प्रशासन ने बनाई है, ताकि कॉलेज में पढ़ने वाले इंटर से एमए तक के छात्रों की पढ़ाई सुविधापूर्वक कराई जा सके।

महाविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यूजीसी के मानक के आधार पर छात्रों की पढ़ाई कराने से जहां उनके भविष्य बेहतर होंगे, वहीं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से सुधार की काफी गुंजाइश रहेगी। जिले के अन्य अंगीभूत या संबद्ध महाविद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई नहीं कराई जा रही। इसलिए स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाने का काम शुरू किया गया है। वर्ग संचालन के दौरान छात्रों की उपस्थिति बेहतर देखने को मिल रही है। स्मार्ट बोर्ड पर शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराए जाने को लेकर दिए गए प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय प्रशासन अपने व्याख्याताओं में से तीन लोगों को समन्वयक बनाया है। इनके द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। व्याख्याता कॉलेज में शुरू किए गए स्मार्ट बोर्ड की क्लास के संचालन में आने वाली दिक्कतों के लिए मददगार हो रहे हैं।

**तीन व्याख्याता बनाए गए हैं समन्वयक** : कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसमें कॉलेज के तीन व्याख्याताओं को समन्वयक बनाया गया है। इनके माध्यम से स्मार्ट बोर्ड पर किए जा रहे शिक्षण कार्य को आसान और सुरक्षित बनाया जा रहा है। समन्वयक डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों की पढ़ाई स्मार्ट बोर्ड पर शुरू की गई, जो काफी कारगर साबित होगी। छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि जगेगी।

**क्लास का संचालन आसान हुआ** : समन्वयक ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड पर क्लास का संचालन जहां बेहद आसान है, वहीं इसके लिए यूजीसी की ओर से बढ़ावा दिया जा रहा है। महाविद्यालय का संचालन यूजीसी के अनुरूप करना है तो इसके लिए स्मार्ट बोर्ड पर ली जा रही क्लास का विशेष महत्व है।

महाविद्यालय की डॉ. सीमा पटेल, डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी आदि ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई कराना बेहद आसान एवं सुविधा जनक है।

> कॉलेज में आठ स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई शुरू करा दी गई है। महाविद्यालय के व्याख्याताओं को प्रशिक्षित करा दिया गया है। समन्वयक के निर्देशन में सभी शिक्षण कार्य संचालित हो रहे हैं।
> –डॉ. एसपी शर्मा, प्रभारी, एसवीपी कॉलेज

शहर के एसवीपी कॉलेज में शुक्रवार को स्मार्ट बोर्ड पर छात्र व पढ़ाते व्याख्याता।

## ऑनलाइन शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

स्मार्ट बोर्ड पर की जा रही पढ़ाई से ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। कोरोना काल के दौरान काफी छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। इस वजह से आज भी बहुत छात्र ऑनलाइन शिक्षा को पसंद कर रहे हैं। कई छात्र समय पर कॉलेज नहीं आ पाते हैं। वह अपने घर से ऑनलाइन पढ़ाई करना चाहते हैं। ऐसे में स्मार्ट बोर्ड काफी कारगर साबित होगा।

**लिखना, मिटाना और स्टोर करना आसान** : एसवीपी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. महेश प्रसाद ने बताया कि स्मार्ट बोर्ड पर जहां वर्ग कक्ष में बैठकर पढ़ने वाले छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है, वहीं बाहर रह रहे छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा देना भी आसान हो गया है। इसके लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था नहीं करनी पड़ रही है। स्मार्ट बोर्ड पर की जा रही पढ़ाई में किसी तरह का अतिरिक्त खर्च नहीं हो रहा है। साथ ही इसमें लिखना, मिटाना और स्टोर करना काफी आसान है।

# राष्ट्रीय गौरव दिवस पर एसबीपी कॉलेज में बिरसा मुंडा के जीवनवृत्त पर हुई चर्चा



**सोनभद्र संवाददाता, कैमूर/भभुआ**

राष्ट्रीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में शोध एव विकास सेल के तत्वाधान में जनजातीय गौरव : बिरसा मुंडा नामक विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने बिरसा मुंडा के जीवन चरित और उनके आन्दोलन पर चर्चा की । उन्होंने बिरसा मुंडा के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्रांति के सभी आयामों पर प्रकाश डाला जिसे 'मुंडा उलगुलान' कहा जाता है। मात्र 19 वर्ष की उम्र में बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के पारंपरिक भूमि अधिकार बहाल करने हेतु जो संघर्ष शुरू किया। उसका नारा था रानी का राज खत्म करो, हमारा साम्राज्य स्थापित करो ।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 18-11-2022

सजन, जिलाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य मिलन का हवाला दिया जाता रहा।

# जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला में सकारात्मक सोच के बारे में बताया गया

सिटी रिपोर्टर|भभुआ



कार्यशाला में शामिल छात्र।

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय कार्यशाला के चौथे दिन की मुख्य थीम फील हैप्पी आइ एमए ए मास्टर ऑफ माइ थॉट जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला के मुख्य अतिथि वाराणसी के क्लीनिकल साइकोलॉजी ज्योत्सना सिंह रही। कार्यशाला के कन्वीनर डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही लगातार अन्य अतिथि में अजीत मिश्रा जुड़े हुए थें। कार्यशाला में ज्योत्सना सिंह ने सकारात्मक सोच बनाएं रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाएं रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य क्या है मानसिक विकार के प्रकार व लक्षण किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का सम्बन्ध उसकी भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्थिति से जुड़ा होता है। इस कार्यशाला से जुड़ी अपना व्याख्यान दी। दूसरे चरण में मनोवैज्ञानिक अजित मिश्रा रहें। इन्होंने एनएलपी हिप्नोथेरेपी, मानव जीवन संबंधित समस्याओं को सॉल्यूशन करने के बारे में सक्सेसफूल मन और व्यवहार के निर्माण को बनाने को लेकर बताएं। इस कार्यक्रम में संयोजिका डॉ.अन्नपूर्णा गुप्ता ने चिंता के बादल, गुब्बारा आदि गतिविधियों करायी। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ.सीमा सिंह, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. करीम अहमद, डॉ.अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ. बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ. अजित कुमार राय, डॉ. सोनल, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. राज कुमार गुप्ता, युवा शोधकर्ता राज अमन व स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहें।

BIHAR DARSHAN NEWS
सच्चाई की राह........
बिहार दर्शन न्यूज
सासाराम, रविवार 20 नवम्बर , 2022
www.livebihardarshan.com

# सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के पांच राष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया समापन

**भभुआ (कैमूर ),बिहार दर्शन।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय कार्यशाला के पांचवीं व समापन समारोह के दिन की मुख्य थीम 'फील हैप्पी - आइ एमए ए मास्टर ऑफ माइ थॉट' (जीवन कौशल पर आधारित) कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ0 मीना पाठक सिविल सर्जन भभुआ व डॉ0 राजा उपाध्याय मनोचिकित्सा रहें । सिविल सर्जन भभुआ के डॉ0 मीना पाठक को मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सीमा सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। मनोचिकित्सा डॉ0 राजा उपाध्याय को डॉ0 बृजराज प्रसाद गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया । कार्यशाला में डॉ0 राजा उपाध्याय ने कलंकित, सकारात्मक सोच बनाएं रखने के लिए, मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाएं रखने के लिए, मानसिक स्वास्थ्य क्या है। मानसिक विकार के प्रकार व लक्षण। किसी भी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य का सम्बन्ध उसकी भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्थिति से जुड़ा होता है। मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बिना जीवन के सभी कार्य प्रभावित होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य को समझना । इस कार्यशाला से जुड़ी अपना व्याख्यान दी । सिविल सर्जन भभुआ के डॉ0 मीना पाठक ने बताया कि मानव जीवन संबंधित समस्याओं को सॉल्यूशन करने के बारे में बताया मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों का स्वस्थ होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है सामाजिक कार्यों में योगदान दे। आदि कार्यशाला से जुड़ी अपनी व्याख्यान दी।




कार्यक्रम के संयोजिका डॉ0 अन्नपूर्णा गुप्ता ने बताया कि ऐसे कार्यशाला पहली बार हमारे कॉलेज में आयोजित किया गया जो बहुत ही सराहनीय एवं सुन्दर रहा इसमें सब ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और पांच दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाया गया। इन्होंने छोटे-छोटे एक्साइज कराएं जिसमें हमने सुख-दुःख दोनों का अनुभव किया। इस कार्यक्रम में संयोजिका डॉ0 अन्नपूर्णा गुप्ता, अतिथि व अन्य लोगों के द्वारा इस कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों व शोधकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं व स्वयंसेवकों कार्यशाला के पांच दिनों का अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम के धन्यावाद ज्ञापन डॉ0 नेयाज अहमद सिद्दीकी ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ0 करीम अहमद, डॉ0 अजित कुमार राय, डॉ0 सोनल, डॉ0 रविन्द्र कुमार, डॉ0 जितेन्द्र कुमार, डॉ0मुकेश कुमार, डॉ0 धनंजय कुमार, युवा शोधकर्ता राज अमन, स्वयंसेवक शिवम कुमार, अनन्या, सृष्टि, लक्ष्मी, खुशी, चाँदनी, संध्या, मीनू, जुही, संदीप, साक्षी, आनंद, राकेश, विशाल, शाहिल आदि उपस्थित रहें।

# एसवीपी कॉलेज के सेहत केंद्र को मिला उत्कृष्ट केंद्र का पुरस्कार




सम्मान पातीं महाविद्यालय की नोडल पदाधिकारी.

**भभुआ.** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रेड रिबन क्लब, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में जिले के सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के सेहत केंद्र को उत्कृष्ट केंद्र के लिए सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम गुरुवार को पटना में आयोजित कराया गया था. इसमें प्रत्येक सेहत केंद्र के तीन माह की गतिविधियों की चार दिवसीय समीक्षा पर चर्चा की गयी. इस संबंध में कैमूर से बैठक में पहुंची नोडल पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल ने बताया कि उनके महाविद्यालय को रेड रिबन क्लब आदि से संबंधित गतिविधियों को लेकर बिहार के पांच उत्कृष्ट केंद्रों में चयन करते हुए पुरस्कृत किया गया है. बैठक में रक्तदान, परिवार नियोजन, प्रॉब्लम टी एनालिसिस, जीवन शैली और बांझपन आदि विषय पर केंद्रों आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी थी. साथ ही बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के उप निदेशक युवा आलोक सिंह द्वारा सेहत केंद्रों को ऊर्जावान व उन्नत तरीके से संचालित किये जाने को लेकर विशेष तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया. कैमूर से इस कार्यक्रम में सेहत केंद्र के अतुल आनंद, अनन्या पाठक, श्रीधान्त पटेल व ओमप्रकाश शर्मा ने भी भाग लिया था. कार्यक्रम में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के ऋषु प्रकाश, नीलांशु मिश्रा, शोभा रितेश तथा बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के सज्जाद अहमद, एन के गुप्ता सहित डॉ सोनाली आदि शामिल थे.

# छात्रों ने योग से लेकर मार्शल आर्ट तक की कला सीखी

**भभुआ।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को शंकराचार्य योगपीठ आश्रम के प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा योग कराया गया। उन्होंने योग और उनके आठ चरण के बारे में जानकारी दी। उनके द्वारा स्वयंसेवक छात्रों को ताड़ासन, नटराज आसन, उंगलीनमन, पर्वतासन, त्रियक्तताड़ासन, पाद हस्तागुंठासन, एकपादासन, योग मुद्रा आदि के बारे में बताया गया।

ताइक्वांडो प्रशिक्षक स्वयंसेवक शिवम कुमार ने गोद लिए हुए गांव दतियांव के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा करने के लिए ताइक्वांडो सिखाया, ताकि सभी बच्चियां आत्मरक्षा करने के साथ दूसरों को भी सुरक्षा दे सकें। पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे गए पौधों की देखरेख करते हुए उसकी सिंचाई की।

संजय शहीद महिला कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को कैम्प से संबंधित सभी जानकारी दी। अनामिका पटेल ने स्वयंसेवकों और गांव के बच्चों को नृत्य और नुक्कड़ नाटक सिखाया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में सभी कार्य किया गया।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 25-09-2021

# राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रतियोगिता में बम कुमार ने पाया पहला स्थान

## एसवीपी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

सिटी रिपोर्टर|भभुआ

राष्ट्रीय सेवा योजना, सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में एनएसएस के स्थापना दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने किया।संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल ने किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से करते हुए, सरस्वती माँ की मूर्ति, स्वामी विवेकानंद एवम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के बारे में इसके उद्देश्य, लक्ष्य, स्वयमसेवको का उत्तरदायित्व इत्यादि के बारे में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल द्वारा विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिस्का संचालन श्री बृजराज गुप्ता एवम डॉ सोनल द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में बम कुमार प्रथम स्थान, आनंद कुमार द्वितिय एवम अनामिका पाठक तृतीय स्थान प्राप्त किया।इनके अतिरिक्त अन्य स्वयंसेवक जो निष्ठा से सहयोग किये अतुल आनंद, ओमप्रकाश शर्मा, श्रीधान्त पीएल, शुभनम मेहता, शिवम कुमार, अदिति कुमारी, अनन्या पाठक, अंशिका कुमारी, रुचि, शशि इत्यादि को भी पुरस्कृत किया गया।

### गीत कविता पाठ और नृत्य की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरभि, रुचि, पंकज , देवकी नन्दन खत्री, बम कुमार ने गीत, कविता पाठ एवम नृत्य प्रस्तुति से सबक मन मोह लिया। रक्तदान के प्रमाण पत्रों का वितरण प्राचार्य के हस्त कमल से हुआ। धन्यवाााद ज्ञापन डॉ सोनल ने किया। इस दौरान डॉ महेश प्रसाद, जगजीत सिंह, श्री बसंता, ,डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ धनन्जय राय, डॉ सुमित राय, डॉ आनंद प्रकाश, डॉ, निराला, डॉ रविन्द्र साहू, डॉ हरेंद्र सिंह, केश्वर भारती सय्यद अशद करीम, नेयाज अहमद सिद्दिकी आदि थे।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 28-09-2021

# डीएफओ ने ईको टूरिज्म, भूमि व मृदा संरक्षण के बारे में बताया

## एसवीपी कॉलेज के एनएसएस इकाई का सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ

सिटी रिपोर्टर| भभुआ


शिविर का आयोजन।

एनएसएस के सात दिवसीय आवासीय शिविर के उद्घाटन के मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास अहलावत ने इको टूरिज्म भूमि एवं मृदा संरक्षण के सकारात्मक और सर के बारे में जानकारी दी। दरअसल राष्ट्रीय सेवा योजना सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ के सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का उदघाटन चयनित ग्राम दतियाव में वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास अहलावत के कर कमलों द्वारा हुआ। उदघाट्न में आरक्षी अधिकारी अभियान की धर्मपत्नी अनामिका, समाजसेवी बद्रीनारायण सिंह,प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के हेडमास्टर भरत सिंह, ,योग प्रशिक्षक राजेन्द्र सिंह, ओमकार नाथ पटेल, पारस सिंह ,प्रवीण पटेल, नारद सिंह ,विद्यालय के छात्र छात्राये एवम गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन, स्वागत गान वीरकुंवर सिंह विश्वविद्यालय कुलगीत के पश्चात अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम पदाधिकार डॉ सीमा पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना व शिविर का उद्देश्य ,लक्ष्य से सभा को अवगत कराया।प्राचार्य ने अध्यक्षता की व धन्यवाद ज्ञापन डॉ अखिलेन्द्र नाथ तिवारी ने किया।वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जलवायु परिवर्तन, वन गिरते जलस्तर पर चर्चा किया और युवा ऊर्जा को प्रोजेक्ट के माध्यम से इको टूरिस्म,भूमि एवं मृदा संरक्षण में सकरात्मक कार्य लाने का प्रस्ताव रखा जो आगे उनके रोजगार के अवसर में परिलक्षित हो सकता है।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 29-09-2021

# एनएसएस के स्वंयसेवक ने स्वस्थ रहने के लिए योग विधाओं की ली जानकारी

## शिवम कुमार ने गांव के बच्चों को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो सिखाया

सिटी रिपोर्टर | भभुआ


शिविर में योगा का प्रशिक्षण लेते छात्र

आवासीय शिविर के दौरान एनएसएस कैडेट्स ने स्वस्थ रहने के लिए योग की विभिन्न विधाओं के बारे में जाना। दरअसल सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के द्वारा सात दिवसीय आसावीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज दूसरे दिन शंकराचार्य योगपीठ आश्रम के प्रभारी राजेंद्र सिंह के द्वारा योग कराया गया। इन्होंने योग और उनके आठ चरण के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ताड़ासन, नटराज आसन, त्रियक्तताडासन, पाद हस्तागुंठासन, एकपादासन, उंगलीनमन, पर्वतासन, योग मुद्रा आदि के बारे में बताया। ताइक्वांडो प्रशिक्षक स्वयंसेवक शिवम कुमार ने गोद लिए हुए गांव के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा करने के लिए ताइक्वांडो सीखाया। ताकी वे सभी बच्चियां अपना आत्मरक्षा कर सकें। पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा रोपण किया गया। पौधों की देख-भाल करते हुए पौधों को पानी दिया गया और शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को कैम्प से संबंधित सभी जानकारी दी गई। अनामिका पटेल ने स्वयंसेवकों और गांव के बच्चों को नृत्य और नुक्कड़ नाटक की बारीकियां बताई।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में सभी कार्य किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 30-09-2021

# कचरा प्रबंधन व पॉलीथिन पर रोक की दी जानकारी

## एनएसएस के शिविर में पहुंचे नगर परिषद के चेयरमैन और कार्यपालक पदाधिकारी

सिटी रिपोर्टर| भभुआ



एनएसएस शिविर में शामिल छात्राएं

राष्ट्रीय सेवा योजना के आवासीय शिविर में स्वयंसेवकों को कचरा प्रबंधन व पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक लगाने के बारे में जानकारी दी गई।सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के द्वारा सात दिवसीय आसावीय विशेष शिविर के अंतर्गत पहले दिन से ही प्रति एक दिन सुबह छः बजे से आठ बजे तक योग सीखाया गया।

उसके बाद बुधवार को मुख्य कार्यक्रम कचरा प्रबंधन,परिस्तिथिकी और पर्यावरण की परिचर्चा के मुख्य अतिथि भभुआ नगर परिषद सभापति जैनेंद्र आर्य, कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश दयाल, वार्ड पार्षद बाइस के रमेंद्र कुमार आकाश रहे। इन्होंने कचरा प्रबंधन, स्वच्छता, पॉलिथीन, इसे कैसे रोका जा सकता इस पर चर्चा कियिा। स्वयंसेवक शिवम, आनंद, ओम प्रकाश, ने पर्यावरण संरक्षण हेतु बहुत सारे बातें बताए की हम युवा किस तरह से पर्यावरण को स्वस्थ बनाने में सहयोग कर सकते है।

कार्यक्रम में गांव के सभी बच्चें जुड़े हुए थे। स्वच्छ भारत अभियान के तहत आज जिउतिया पर्व के अवसर पर पूजा पोखर ,घाट ,रास्ता के पास व्रती माताओं के लिए स्वयमसेवको ने साफ-सफाई किया।अनामिका पटेल ने स्वयंसेवकों को नृत्य सीखायी, बच्चों को क्रोध पर नियंत्रण और नकारात्मक विचारों से दूर रहने के लिए शॉट वीडियो दिखाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में सभी कार्य किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 02-10-2021

# 15 स्वयंसेवकों ने अक्टूबर में रक्तदान का लिया संकल्प

## कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल ने छात्रों को कराया योगाभ्यास और इसके लाभ भी बताए

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

राष्ट्रीय सेवा योजना के 15 स्वयंसेवकों ने अक्टूबर माह के अंत में रक्तदान का संकल्प लिया है। दरअसल सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के द्वारा सात दिवसीय आसावीय विशेष शिविर के अंतर्गत डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में योग सीखाया गया। जिसमें गरूडासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम का योगाभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सभी लोग एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



एनएसएस शिविर में योगा का प्रशिक्षण लेते छात्र-छात्राएं

रक्तदान दिवस पर सदर अस्पताल भभुआ के ब्लड बैंक के अजय कुमार ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के प्रति बताया कि रक्तदान करने के लिए सबसे ज्यादा मात्रा आरबीसी की होती है। रक्तदान वहीं कर सकता है जिसका शरीर स्वस्थ हो, उनका उम्र अठारह वर्ष हो, और वजन पैंतालिस से ज्यादा हो। हमारे 15 स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि अक्टूबर माह के अंत तक रक्तदान जरूर करेंगे। डॉ. सीमा पटेल ने आज का मुख्य कार्यक्रम पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रजनन स्वास्थ्य इत्यादि पर परिचर्चा करते हुए बच्चियां को बैड टच एवं गुड टच के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में गांव के सभी लोग एवं स्वयंसेवक आदि उपस्थित थे।

### महामारी मासिक धर्म पर नुक्कड़ नाटक हुआ

बिहार एड्स नियंत्रण समिति पटना के द्वारा प्रमंडल स्तर पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता किया गया। जिसमें रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में आकाश कुमार और गोल्डेन कुमार ने अपना सहभागिता सुनिश्चित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाय! हाय! हाय! माहवारी-मासिक धर्म से संबंधित जागरूकता नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें स्वयंसेवक आकांक्षा, अंशिका, रिंकु, चाँदनी, जुलेखा, पिंटू, ओम प्रकाश, बम, उदय प्रताप आदि रहे। गांव के बच्चियों ने संस्कृति कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुतियां दी। जिसमें सुप्रिया, सुषमा, शिखा, आँचल शामिल रही। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल के नेतृत्व में सभी कार्य किया गया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय ने स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता आयोजित की

## इस अवसर पर स्वयंसेवक शिवम कुमार सहित सभी प्रतिभागियों ने वृक्षारोपण किया

**ब्यूरो चीफ राकेश कुमार**

परिधि समाचार कैमूर (भभुआ)। जिला मुख्यालय अंतर्गत सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में कोविड–19 गाइडलाइन का पालन करते हुए महाविद्यालय का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस संदर्भ में स्वयंसेवक शिवम कुमार ने बताया कि विद्यालय परिवार की तरफ से स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने किया, संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल व धन्यवाद ज्ञापन डॉ सोनल द्वारा किया गया।कार्यक्रम डीप प्रज्वलन से शुभारम्भ करते हुए, सरस्वती माँ की मूर्ति, स्वामी विवेकानंद एवम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के बारे में इसके उद्देश्य, लक्ष्य, स्वयमसेवको का उत्तरदायित्व इत्यादि कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल द्वारा विस्तार से बताया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका संचालन श्री बृजराज





गुप्ता एवम डॉ सोनल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बम कुमार प्रथम स्थान, आनंद कुमार द्वितिय एवम अनामिका पाठक तृतीय स्थान प्राप्त किये।इनके अतिरिक्त अन्य स्वयंसेवक जो निष्ठा से सहयोग किये अतुल आनंद, ओमप्रकाश शर्मा, श्रीधान्त पीएल, शुभनम मेहता, शिवम कुमार, अदिति कुमारी, अनन्या पाठक, अंशिका कुमारी, रुचि, शशि इत्यादि को भी पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरभि, रुचि, पंकज , देवकी नन्दन खत्री, बम कुमार ने गीत, कविता पाठ एवम नृत्य प्रस्तुति से सबक मन मोह लिया। रक्तदान के प्रमाण पत्रों का वितरण प्रचार के हस्त कमल से हुआ।कार्यक्रम में डॉ महेश प्रसाद, श्री जगजीत सिंह, श्री बसंता, .डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ धनन्जय राय, डॉ सुमित राय, डॉ आनंद प्रकाश, डॉ, निराला, डॉ रबिन्द्र साहू, डॉ हरेंद्र सिंह, केश्वर भर्ती, सय्यद अशद क्रीम, नेयाज अहमद सिद्दिकी , बसी ए के सभी शिक्षकों के साथ, शिक्षकेतर कर्मी व छात्र, छात्र स्वयंसेवक मौजूद रहे । और सभी ने महाविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की।

# एड्स एवं जागरूकता नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**एड्स से सम्बंधित जानकारी अर्थशास्त्र विभाग के श्री बृजराज प्रसाद गुप्ता, छात्र शिवम कुमार एवम ओमप्रकाश शर्मा ने विस्तृत रूप से दिया ।**

**भभुआ (बिहार)/राष्ट्रीय प्रसार ।** आज सेहत केंद्र, सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ द्वारा कार्यक्रम एड्स एवम युवा- जागरूकता एवम नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मुखय अतिथि के रूप में श्री आलोक सिंह, सहायक निदेशक(युवा ),बिहार राज्य एड्स नियन्त्रण समिति, पटना ने सहभागिता की। सभा की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा एवम सँचालन सेहत केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अखिलेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरभि कुमारी के स्वागत गान से हुआ। अतिथियों के सम्मान के पश्चात जिला स्तरीय एड्स पर लघु वीडियो प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ की रुचि कुमारी, द्वितीय स्थान पर वंशिका कुमारी और तृतिय पर अतुल आनंद को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तर पर चयनित वीडियो पोस्टर को प्रोजेक्टर से स्वयमसेवको को साझा किया गया और आगामी कार्यक्रम में जोर शोर से सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। एड्स से सम्बंधित जानकारी अर्थशास्त्र विभाग के श्री बृजराज प्रसाद गुप्ता, छात्र शिवम कुमार एवम ओमप्रकाश शर्मा ने विस्तृत रूप से दिया ।एड्स केवल संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रव्य जैसे रक्त, लार, यौन स्राव, इत्यादि द्वारा फैलता है। चूंकि इस बीमारी का अभी तक इलाज नही अतः जागरूकता एवम बचाव से ही इसका नियंत्रण सम्भव है। इस कार्य मे युवाओं की अहम भूमिका है। मुख्य अतिथि ने सेहत केंद्र एवम उससे जुड़े आगामी योजनाओं के विषय से अवगत कराया।कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण से हुआ। कार्यक्रम में स्वयमसेवको ने संकल्प लिया कि जिला के सभी लोगों के स्वास्थ के प्रति जागरूकता के प्रति वे संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में डॉ अजीत राय, डॉ धनन्जय प्रसाद राय, डॉ मुकेश कुमार, डॉ नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ सोनल, डॉ राजकुमार, डॉ सुमित कुमार राय, डॉ आनंद प्रकाश, माया सिन्हा, छात्र अदिति कुमारी, अंशिका, शुभनम सिंघम मेहता,गोल्डन कुमार, अनूप कुमार, शशि, मनीषा, आनंद, अनन्या पाठक इत्यादि अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# कॉलेज में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**प्रतिनिधि, भभुआ नगर**



पौधारोपण करते प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं.

हिंदी दिवस के अवसर पर सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार के नेतृत्व में कॉलेज के हिंदी विभाग के अध्यक्ष रवींद्र सर द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. इस दौरान बताया गया कि हिंदी केवल भाषा नहीं ये हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है. जन-जन की भाषा हिंदी में सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की एक अनूठी विशेषता है. इसे आगे बढ़ाने के लिए जरूरी प्रयास और प्रगति के लिए हम सभी हिंदी प्रेमियों को आगे आना होगा. प्रांतीय भाषाओं के साथ हिंदी का विकास हो. कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर डॉ सीमा सिंह, सोनल सिंह, डॉ गोपनाथ सिंह, केश्वर प्रसाद भारती, सैय्यद अशहद करीम, अनन्या, अदिति, अनामिका, अंशिका, मोहित, शिवम आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

प्रभात खबर Thu, 16 September 2021
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/63151321

# रेड रिबन क्विज में पटेल कॉलेज के छात्र अव्वल

**प्रतिनिधि, भभुआ**

**राष्ट्रीय एड्स** नियंत्रण अभियान के तहत बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के तत्वावधान में रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन सोमवार को कराया गया. इसमें जिला के पांच महाविद्यालयों के दो-दो चयनित छात्र व छात्राओं ने भाग लिया.

इस संबंध में सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय की प्रोफेसर सह जिला नोड्ल पदाधिकारी रेड रिबन क्लब कैमूर डॉ सीमा पटेल ने बताया कि एड्स नियंत्रण व जागरूकता को लेकर आयोजित इस प्रतियोगिता के जिला स्तरीय फाइनल राउंड में सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के छात्र आकाश कुमार व गोल्डेन कुमार 12 अंकों के साथ प्रथम विजेता घोषित किये गये. जबकि, मोहनिया के महराणा प्रताप महाविद्यालय के अदिति कुमारी और विनय कुमार गुप्ता 10 अंकों के साथ द्वितीय तथा राजर्षि शारिवाहन महाविद्यालय भगवानपुर के सूरज कुमार व गोविंद कुमार तीसरे विजेता घोषित किये गये. प्रतियोगिता में शहीद संजय महाविद्यालय व भूपेश गुप्त महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं भी शामिल थे. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता अब प्रमंडलीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगे और विजेता छात्र व छात्राओं को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से प्रमाण पत्र तथा पूरे एक साल तक प्रतियोगिता दर्पण पत्रिका निशुल्क प्रदान की जायेगी.

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 14-09-2021

# एसवीपी कॉलेज के आकाश व गोल्डन को पहला स्थान

## एक साल तक निशुल्क मिलेगा प्रतियोगिता दर्पण

सिटी रिपोर्टर।भभुआ

क्विज प्रतियोगिता में एसवीपी कॉलेज के आकाश कुमार व गोल्डन कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया है। दरअसल बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा आयोजित बीएसएसीएस ऑनलाइन क्विज 2021 में कैमुर जिला के पांच महाविद्यालय ने भाग लिया। जिसमे प्रत्येक महाविद्यालय से दो बच्चों का प्रतिनिधित्व हुआ। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ से प्रथम स्थान आकाश कुमार एवं गोल्डन कुमार कुल 12 अंकों के साथ प्राप्त किया।द्वितीय स्थान महाराणा प्रताप महाविद्यालय, मोहनिया की अदिति कुमारी और विनय कुमार गुप्ता 6 और 4 अंक कुल 10 अंकों के साथ प्राप्त किया।तृतीय स्थान राजर्षि शारिवाहन डिग्री महाविद्यालय के सुरज कुमार 4 अंक व गोविंद कुमार 6 अंक कुल 10 अंको के साथ प्राप्त किया। तृतीय स्थान महाराणा कॉलेज के साथ टाई हारने के पश्चात प्राप्त किया। **बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति से प्रमाण पत्र मिलेगाः** इस प्रतियोगिता में भूपेश गुप्त के अमित कुमार एवं अजय शंकर एवं शहीद संजय महिला से श्वेता कुमारी एवम सुमन कुमारी भी प्रतिभागी थे। सभी प्रतिभागियों को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति से प्रमाण पत्र मिलेगा। जिला नोडल पदाधिकारी रेड रिबन क्लब बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति डॉ सीमा पटेल ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को साल भर का प्रतियोगिता दर्पण निशुल्क प्रदान किया जायेगा।

कैमूर भास्कर 12-09-2021

# हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर एनएसएस स्वयंसेवक प्रभात फेरी में हुए शामिल

## आजादी के अमृत महोत्सव पर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिटी रिपोर्टर|भभुआ

युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, निदेशालय पटना के आह्वान पर भारत के स्वतन्त्रता के 75 वे वर्ष के जश्न मेंआज़ादी का अमृत महोत्सव न्यू इंडिया @75 कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ के स्वयंसेवको द्वारा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वधान में प्रातः 6 बजे से राजेन्द्र सरोवर से पटेल चौक तक तिरंगा झंडा लेकर प्रभात फेरी में भाग लिया। इसके पश्चात पुरुष दौड़ व महिला दौड़ में भी सक्रिय भागीदारी रही। महिला दौड़ में रुचि सिंह, दिव्या कुमारी, जुलेखा खातून ने भाग लिया।राष्ट्र के प्रति भक्ति भावना का संचार करते हुए स्वतंत्रता सेनानी एवम शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभात फेरी में जिला नोडल पदाधिकारी न्यू इंडिया @75 व राष्ट्रीय सेवा योजना एसवीपी कॉलेज डॉक्टर सीमा पटेल, शिवम कुमार अतुल आनं अनूप पटेल,शुभनम सिंघम मेहता, अदिति चौबे, अनन्या पाठक, रिंकु कुमारी, अंशिका कुमारी, अंकित कुमार, अंजली पटेल, जुलेखा खातून, दिव्या कुमारी, आदि उपस्थित रहें।



अमृत महोत्सव में शामिल छात्राएं

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 17-08-2021

# राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी ने मनाया भारत की स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

सिटी रिपोर्टर | भभुआ


पटेल कॉलेज में एनएसएस व एनसीसी द्वारा मनाया गया अमृत महोत्सव

भारत के स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ के प्रांगण में एनसीसी, एनएसएस एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम हुए।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यर्पण पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड हुआ।झंडोत्तोलन पश्चात प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ इस कार्यक्रम में पूर्व में हुए कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र छात्राओं का पुरस्कार वितरण भी हुआ। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन हुआ। सामूहिक रूप से महाविद्यालय को एक प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुआ : कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सीमा पटेल ने किया।कार्यक्रम में एनसीसी के पदाधिकारी डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. सोनल, डॉ माया सिन्हा, डॉ.राजकुमार गुप्ता,डॉ.सुमित राय, शत्रुजराज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कैमूर भास्कर 11-08-2021

# पेंटिंग में जुलेखा को पहला, दिव्या को दूसरा स्थान

## निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभागियों को वाद विवाद व्याख्यान से संबंधित अनेक टिप्स दिए

भास्कर न्यूज़|भभुआ

शहर के एसवीपी महाविद्यालय भभुआ में स्थित सेहत केंद्र में मंगलवार को चित्रकारी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'जनसंख्या नियंत्रण एवं युवा चुनौतियां का अवसर" रहा।चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर जुलेखा खातून बीए पार्ट वन, द्वितीय स्थान पर दिव्या कुमारी बीए पार्ट वन तथा तृतीय स्थान पर सुरभि कुमारी बीए पार्ट वन रहे।निर्णायक मंडल में डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ. सोनल तथा डॉ. सीमा सिंह ने प्रतिभागियों के कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया।इसी विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में वंशिका कुमारी कुमार बीए पार्ट वन प्रथम, शशि कुमारी एमए थर्ड ईयर द्वितीय तथा शिवम कुमार बीए सेकंड ईयर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों ने भी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभागियों को वाद विवाद व्याख्यान से संबंधित अनेक टिप्स दिए।



एसवीपी कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व निर्णायक मंडल।

### छात्र-छात्राओं को विभिन्न देशों के जनसंख्या नीति की जानकारी दी गई

कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर सीमा सिंह ने प्रतिभागियों के वक्तव्य का सूक्ष्मता से विश्लेषण प्रस्तुत कर उनका मार्गदर्शन किया जबकि डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी भूगोल विभाग ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न देशों के जनसंख्या नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बृजराज प्रसाद गुप्त अर्थशास्त्र विभाग में जनसंख्या के कुशल प्रबंधन एवं जनसंख्या नियंत्रण के लिए जन जागरूकता लाने पर बल दिया जबकि डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी मनोविज्ञान विभाग ने वाद विवाद के विभिन्न वैज्ञानिक सोपानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल ने किया जबकि अध्यक्षता एवं पुरस्कार वितरण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सीतारमन पांडे ने किया।

सच्चाई की राह........
बिहार दर्शन न्यूज
सासाराम, सोमवार 02 अगस्त, 2021
www.livebihardarshan.com

# सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर



**भभुआ(कैमूर),बिहार दर्शन।** सेहत केंद्र, सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज महाविद्यालय, भभुआ (कैमुर) के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभागार में सेहत केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नोडल पदाधिकारी डॉ0 सीमा पटेल के नेतृत्व में एवं रक्त केंद्र सदर चिकित्सालय,भभुआ के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लगातार भारी वर्षा के बावजूद कुल 9 यूनिट संग्रहण हुआ। जिसमे पियर एडुकेटर सत्यम केसरी ने रक्त दान की शुरुआत की। इसके अलावा नीतीश कुमार, सुजीत कुमार, मौसम कुमार,श्रीधान्त पटेल,नरेन्द्र कुमार शर्मा,पवन सिंह राजपूत, ओमकार नाथ पटेल, अतुल आंनद ने इस रक्तदान पावन पर्व में महादान किया। लैब टेक्नीशियन अजय कुमार शर्मा, GNM बनवारी , निरंजन प्रसाद के द्वारा ये कार्यक्रम सम्पन हुआ। उन्होंने साझा किया कि ब्लड बैंक में रक्त की विशेषतः और ग्रुप की किल्लत है और जबतक लोग आगे आकर दान नही करेंगे तो जरूरत पड़ने पर उपलब्धता नही हो पाएगी। यदि सभी महाविद्यालय और युवा आगे बढ़कर आते तो ये समस्या नही आती। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि बिहार के सभी जिलों में कैमूर का रक्तदान न्यूनतम पायदान पर है जबकि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति प्रति 3 माह पर 1 यूनिट रक्तदान कर सकता है और वर्ष में 4 बार रक्तदान करने पर बिहार सरकार उन लोगो को विशेष रूप से सम्मानित करता है ऐसी प्रोत्साहन योजना है। सेहत पियर एडुकेटर शिवम कुमार ने लोगों को जागरूक करके प्रेरित किया और लोगों को रक्तदान के लिए आगे कदम बढ़ाने के लिये कहा मौका दीजिये अपने लहू को किसी और के रगों में बहने का और जोड़िये खून का रिश्ता एवं अदिति कुमारी ने भी द्वारा सभी छात्रों में रक्तदान हेतु प्रेरित किया। साथ ही साथ आज महाविद्यालय में नौवें दिन भी टीकाकरण शिविर के अंतर्गत भारी वर्षा के बावजूद 70 कोविशेल्ड का टीका। NM रेणु एवम सुनीता कुमारी द्वारा दिया गया,कुल संख्या 870 लोग लाभान्वित हुए।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 31-07-2021

**अभियान** • एसीएफ राजकुमार ने कहा-वनों के संरक्षण से ही मनुष्य का जनजीवन सुरक्षित होगा

# एसवीपी कॉलेज में पौधरोपण कर वन महोत्सव सप्ताह शुरू

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान वन महोत्सव सप्ताह का उदघाटन हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग से जिला सहयक वन संरक्षक राज कुमार शर्मा, भभुआ रेंज अफसर अरुण प्रसाद एवं देवेश तिवारी ने सहभागिता किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीतारमण पांडेय, संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बसंता ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलवन से हुआ और संबोधन पश्चात वन विभाग द्वारा दिये गए 130 पेड़ों में से कुछ पेड़ों के रोपण से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक दिन पूर्व ही पौधरोपण के लिए गड्ढे खोद लिए थे। पौधों को वर्मी कम्पोस्ट एवं दीमक नाशक दवा मिलाकर उन्हें लगाया गया और प्रत्येक पेड़ को महाविद्यालय के छात्र एवं कर्मी द्वारा उसका उत्तरदायित्व लिया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी से आग्रह किया कि अपने दिवंगत सगे संबंधियों के नाम से एक पेड़ लगाकर और उसे गोद लेकर उनकी स्मृति सदैव जीवित रखें।




महाविद्यालय परिसर में पौधा लगाते प्राचार्य एवं अन्य व्याख्यातागण।

## वृक्षों से ऑक्सीजन की मात्रा में होगी वृद्धि

प्राचार्य ने प्रेरित किया कि वृक्षों से वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा में वृद्धि होगी जो जनउपयोगी होगा।वन पदाधिकारियों ने कृषि वनयिकी, छात्र सुविधा के तहत योजनाओं को साझा किया।छात्रों को अपने महाविद्यालय पहचान पत्र से जिला के किसी भी सरकारी पौधशाला से 3 वृक्ष मुफ्त मिल सकते हैं। कृषि वनयिकी के तहत अपने निजी जमीन की रसीद, आधार, लगा कर किस प्रजाति के कितने पेड़ चाहिए,फार्म भर कर एवं प्रत्येक पेड़ 10 रुपये राशि जमा करना होगा। 3 वर्ष पश्चात,सर्वेक्षण करने पर प्रत्येक जिंदा पेड़ 60 रुपये वापस मिलेंगे। बिहार में कैमूर के वन एक अहम भूमिका निभाते हैं और इसमें कई विलुप्त प्रजाति के वनस्पति एवं जानवर भी हैं,जिन्हें बचाने का हमारा परम कर्तव्य है।कार्यक्रम में स्वयंसेवक अनूप पटेल,अदिति,अंशिका,मौसम, शिवम,मधुराज, लक्ष्मी, विवेकानंद पटेल एवं अन्य कई शिक्षक डॉ. सोनल, डॉ. राजकुमार,डॉ.सीमा सिंह, सुमित कुमार राय,डॉ. अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दिकी, माया सिन्हा,डॉ. रवनीप प्रसाद, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. धनंजय प्रसाद एवं अन्य की सहभागिता रही।

# एसवीपी कॉलेज में लगाया गया टीकाकरण शिविर

भभुआ | एक प्रतिनिधि

शहर के सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज स्थित सेहत केन्द्र में सोमवार को कोविड-19 का टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिसमें एक सौ छात्र-छात्राओं को टीका लगाए गए। टीकाकरण अभियान को लेकर पियर एडूकेटर शिवम कुमार व अदिति कुमारी ने छात्रों को कोविड से बचाव के लिए जागरूक किया। जागरूकता अभियान में कॉलेज आने वाले इंटर व स्नातक के छात्रों के कमरों में जाकर उनके कोरोना से बचाव के उपाय बताए गए।

टीकाकरण अभियान में शामिल होने वाले छात्रों को स्वयं सेवक मधुराज व लक्ष्मी कुमारी द्वारा सूची बनाई गई, जिसके आधार पर टीकाकरण कराया गया। टीकाकरण को लेकर स्वयं सेवक मौसम कुमार, अतुल आनंद, भृद्धांत, अंशिका, रिंकू कुमारी, अनुप पटेल आदि छात्रों ने कॉलेज परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए छात्रों को टीकाकरण कक्ष में आने की बात कहीं। टीकाकरण के दौरान स्वयं सेवकों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कतार में खड़े कराए और बारी आने पर उन्हें टीका कक्ष में प्रवेश कराया। टीकाकरण के दौरान प्राचार्य डॉ. सीता रमण पांडेय और नोडल पदाधिकारी डॉ. सीमा पटेल टीका लगवाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित कर रहे थे। टीका लगाने के लिए एएनम पूनम कुमारी, आशा कार्यकर्ता उर्मीला कुमारी को सदर अस्पताल के डॉक्टरों की ओर से भेजा गया था।

## शिविर

- छात्र-छात्राओं को कोविड-19 के टीका के प्रति जागरूक कर लगवाए गए टीके
- पियर एडूकेटर व स्वयं सेवकों ने छात्रों को अभियान चलाकर किया जागरूक




शहर के एसवीपी कॉलेज में टीकाकरण अभियान में टीका लगवाते छात्र व मौजूद प्राचार्य एवं नोडल पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

## हिंदी दिवस. पटेल कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम, लोगों ने रखे विचार

# नये भारत के लिए अपनानी होगी हिंदी

**कार्यक्रम**

प्रतिनिधि, भभुआ नगर

हिंदी दिवस के अवसर पर बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रिंसिपल शंकर प्रसाद शर्मा ने किया व संचालन डॉक्टर रवींद्र कुमार द्वारा किया गया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि रूस में 1917 से पहले जर्मनी भाषा को हटाकर उसी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया गया जो रूसी जुबान पर थी और उसने रूस की तरक्की में अहम किरदार निभाया. इसी तरह हिंदी को भी नये भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रभाषा के तौर पर अपनाना चाहिए. वहीं वक्ताओं ने कहा कि हमारी गंगा-जमुनी तहजीब में भाषा के तौर पर हिंदी और उर्दू भाषा हिंदुस्तान की दो आंखें हैं. कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल ने कहा कि वल्लभ पत्रिका को फिर से निकाला जायेगा और जल्द ही एसवीपी कॉलेज की मैगजीन जारी की जायेगी. कार्यक्रम के दौरान डॉ महेश प्रसाद, सीमा पटेल, डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर जितेंद्र कुमार सहित शिक्षक एवं छात्र मौजूद थे.



हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं.

**समाहरणालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम : भभुआ नगर.** समाहरणालय के सभाकक्ष में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा हिंदी के संवर्धन व प्रचार-प्रसार के लिए अपना अपना विचार रखा गया. कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वक्ताओं ने अपने विचार रखे. वक्ताओं ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था. इस पावन दिवस की स्मृति के रूप में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है. आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार राजस्व कर्मचारी सीतामढ़ी, वर्षा रानी राजस्व कर्मचारी पटना, विनीता कुमारी एवं सानू कुमार राजस्व कर्मचारी नालंदा, हरित कुमार कुशवाहा राजस्व कर्मचारी रोहतास (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) एवं अक्षय कुमार पांडे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान कैमूर, शशि भूषण कुमार सहायक बंदोबस्त अधिकारी, कैमूर द्वारा अपना अपना विचार रखा गया. कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता सविता कुमारी, एसएसए के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अक्षय कुमार पांडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

## हिंदी ने पूरब से पश्चिम व उत्तर से दक्षिण को जोड़ा

**भभुआ.** बुधवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के मौके पर जिले के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में हिंदी दिवस पर हिंदी प्रयास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विचार गोष्ठी से लेकर कविता आदि के माध्यम से हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला गया. इधर इसी तरह का एक कार्यक्रम राजर्षि शालिवाहन महाविद्यालय भगवानपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामनवमी तिवारी ने कहा कि हिंदी एक वैश्विक भाषा की पहचान रखनेवाली भाषा है. भारत ही नहीं बल्कि अन्य कई देशों में हिंदी बोली और पढ़ी जाती है. सांस्कृतिक व भाषाई विविधता से भरे भारत में हिंदी निर्विवाद रूप से पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण के बीच सदियों से संपर्क बनाये रखने वाली और आपस में जोड़ने वाली भाषा रही है. हिंदी ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है. कार्यक्रम में प्रो लालबहादुर सिंह, प्रो. श्रीराम सिंह, प्रो शैलेंद्र सिंह, प्रो. कृपाल सिंह, प्रो. भरत सिंह सहित अजित सिंह, लिपिक प्रमोद सिंह, रामप्रताप सिंह, हरिचरण, दिलिप कुमार आदि शामिल थे. इधर इसी तरह का एक कार्यक्रम चैनपुर के गुरुकुल संस्थान में भी आयोजित किया गया, जिसमें बोलते हुए संस्थान के संस्थापक चंद्रमा सिंह ने कहा कि हिंदी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही राष्ट्रीय एकता और अस्मिता की प्रभावी एवं शक्तिशाली माध्यम रही है. हिंदी की सबसे बड़ी शक्ति इसकी मौलिकता, सरलता, सुबोध्यता और स्वीकार्यता भी है. इसलिए इसे जन जन की भाषा भी कहा गया है. हर साल 14 सितंबर को हम इसके अस्मिता की नयी पहचान करते है. कार्यक्रम में चंद्रमा सिंह, सुजित सिंह, रिंकू सिंह सहित काफी संख्या में छात्र छात्रा शामिल रहे.

प्रभात खबर Thu, 15 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/72025204

# व्यवसायिक पाठ्यक्रम के 11 विषयों की मिली अनुमति

## एसबीपी कॉलेज

- कॉलेज प्रशासन के आवेदन को कुलपति ने दी है स्वीकृति
- व्याख्याताओं की बैठक में प्राचार्य ने दी जानकारी



सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में मंगलवार को व्यवसायिक पाठ्यक्रम व एमओयू कोर्स को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते व्याख्याता। • हिन्दुस्तान

भभुआ, एक प्रतिनिधि। अब भभुआ शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज में 11 विषयों में व्यवसायिक पाठ्यक्रम शुरू होंगे। इसकी स्वीकृति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति ने दे दी है। व्यवसायिक पाठ्यक्रम शुरू कराने को लेकर कॉलेज प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय को आवेदन दिया गया था, जिसे कुलपति ने स्वीकार करते हुए पाठ्यक्रम शुरू कराने की अनुमति दे दी है। जुलाई माह के अंत तक पाठ्यक्रम शुरू कराए जाने की उम्मीद पर एसबीपी कॉलेज के व्याख्याताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने की।

व्यवसायिक पाठ्यक्रम शुरू कराने के लिए कालेज प्रशासन की ओर से डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी को संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से कॉलेज में 11 व्यवसायिक पाठ्यक्रम शुरू किया जाना है। जबकि नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन के सहयोग से 15 एमओयू कोर्स कराया ज़ाएगा। इस महीने के अंत तक कोर्स शुरू होने की संभावना है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन की ओर से पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है।उन्होंने बताया कि अब इस कोर्स के पढ़ने वाले छात्रों की संख्या का निर्धारण कालेज की क्षमता के हिसाब से प्रबंधन को करना है। छात्रों की संख्या निर्धारित अगले सप्ताह तक कर दी जाएगी। पाठ्यक्रम शुरू होने से छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। जो छात्र संबंधित विषयों की पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहर में जाते थे, अब वह सुविधा इस कॉलेज में मिलने से यहीं पर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इससे उनकी व्यवसायिक शिक्षा पर जो अतिरिक्त खर्च होते थे, उसकी बचत होगी।

### इन विषयों में कराए जाएंगे कोर्स

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से पीजी डिप्लोमा इन जीआईएस एंड रिमोट सिंगिंग, एमएस ऑफिस एंड गूगल वर्कशॉप, टूरिज्म मैनेजमेंट, फैशन डिजाइन, कोर्स इन फिसरेश, ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट मैनेजमेंट, मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंटेरोगेटिव पयरल कल्चर, कोर्स इन पैरल कल्चर, फूड एंड न्यूट्रिशन, योगा आदि विषयों का कोर्स कराया जाएगा।

### कारपोरेशन की ओर से होगा एमयू कोर्स

एसबीपी कॉलेज में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन की ओर से एमओयू कोर्स कराया जाएगा, जिसमें बैंकिंग इंश्योरेंस मैनेजमेंट आदि से जुड़े 15 विषयों को शामिल किया जाएगा। बैठक में डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. नियाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अजीत कुमार राय, डॉ. सोनल, डॉ. आनंद प्रकाश आदि शामिल थे।

> कॉलेज में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के 11 विषयों में पढ़ाई शुरू कराने की अनुमति विवि से मिली है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन की ओर से एमओयू कोर्स कराए जाएंगे।
>
> –डॉ. शंकर प्र. शर्मा प्राचार्य, एसबीपी कॉलेज

मूल्य 02 रु.
सासाराम, बुधवार
06 जुलाई, 2022
वर्ष :08 अंक: 270
पृष्ठ : 12
हिन्दी दैनिक

आजादी अभिव्यक्ति की
# मीडिया दर्शन

www.mediadarshan.in
नई दिल्ली, गाजियाबाद बस्ती, और सासाराम से प्रकाशित

## पटेल कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी विभाग में नामांकन को लेकर हुई बैठक



▶ प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जाएगा नामांकन, 12 जुलाई से 14 अगस्त तक मिलेगा परीक्षा फार्म

मीडिया दर्शन भभुआ( कैमूर ): मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में बायो टेक्नोलॉजी विभाग के पुनर्गठन और नामांकन को लेकर प्राचार्य शंकर प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें संयोजक आनंद प्रकाश ने बताया कि इस सत्र से बायो टेक्नोलॉजी विभाग में प्रवेश परीक्षा के द्वारा नामांकन को प्रारंभ किया जाएगा । प्रवेश परीक्षा के लिए जीव विज्ञान विभाग में 12 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रवेश परीक्षा फॉर्म मिलेगा । प्रवेश परीक्षा का आयोजन अगस्त महीने के अंत में किया जाएगा । इस सत्र में 40 सीटों में प्रवेश होगा, नामांकन के लिए बारहवीं में 55 प्रतिशत अंक के साथ विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । बैठक में विभाग का पुनर्गठन किया गया । प्राचार्य डाक्टर शंकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह कोर्स करने के पश्चात सभी छात्रों के रोजगार की शत प्रतिशत गारंटी है । यह कैमूर जिले के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है कि कालेज में फिर से नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा रहा है ।

### बिहार सरकार के छात्रवृति की सुविधा

छात्रों के बायोटेक्नोलॉजी डिग्री के साथ बिहार सरकार की छात्रवृति की सुविधा कालेज द्वारा प्रदान की जाएगी । प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर सुमित राय ने बताया कि बायो टेक्नोलॉजी से डिग्री लेने वाले सभी छात्रों को फार्मेसी कम्पनीयो में प्लेसमेंट के अवसर दिया जाएगा । इसके लिए रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर भी मिलेंगे । इस बैठक में बीसीए विभाग से आशुतोष कुमार, जीव विज्ञान से डॉक्टर माया सिन्हा और रिसर्च डेवेलपमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर अजीत कुमार राय, अकाउंटेट अवधेश कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे ।

## चैनपुर में प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का दो दिवसीय नामांकन प्रक्रिया शुरु

मीडिया दर्शन चैनपुर ( कैमूर ) । चैनपुर प्रखण्ड में प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति की प्रबंधकारिणी समिति का 19 जुलाई को होगा चुनाव। जिसको लेकर बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार और प्रशासन के द्वारा तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। जिसको लेकर चैनपुर में दो दिवसीय नामांकन कार्यक्रम शुरू की गई है। इसमें मंत्री, अध्यक्ष और सदस्य पद को लेकर चुनाव होना है। नामांकन के लिए प्रखण्ड कार्यालय परिसर में एक काउंटर बनाया गया है। एक कर्मचारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। जो नामांकन फार्म जमा करने का काम करेंगे । नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार कैलाश मल्लाह और सदस्य पद के लिए सिपाही मल्लाह ने नामांकन किया है। लेकिन अभी तक मंत्री के लिए एक भी खाता नहीं खुल सका है । जिसका अंतिम नामांकन तिथि 6 जुलाई है । और वापसी 12 जुलाई है। और चुनाव और मतगणना एक ही दिन 19 जूलाई को शाम तक फाइनल कर लिया जाएगा । चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय परिसर नामांकन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहा है। फिर भी चुनाव को लेकर हलचल का शोर चल रही है।




दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 26-05-2022

**हर्ष** • एसबीपी कॉलेज की दोनों छात्राएं, 16 जून को बिहार के सभी आकाशवाणी रिले केंद्र से कार्यक्रम का होगा प्रसारण

# वंशिका व सुरभि आकाशवाणी में कार्यक्रम करेंगी होस्ट

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

एसबीपी कॉलेज की छात्रा वंशिका व सुरभि का चयन आकाशवाणी में कार्यक्रम को होस्ट करने के लिए हुआ है। बता दें कि सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव @75 के शुभ अवसर पर आकाशवाणी सासाराम द्वारा एआईआर नेक्स्ट के तहत प्रिंस श्रीवास्तव युव वाणी प्रस्तोता, अनुज प्रताप सिंह अभियंत्रण सहायक, अमित कुमार, कार्यक्रम अधिशासी, डा श्याम सुंदर तिवारी, पुस्तकालय एवम सूचना सहायक, आकाशवाणी सासाराम ने सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, भभुआ, में एआईआर नेक्स्ट प्रतियोगिता के पांच चरणों का


एसबीपी कॉलेज में आकाशवाणी की ओर से आयोजित कार्यक्रम।

शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में किया। पहला चरण परिचय का था। इसके अंतर्गत सभी प्रतिभागी विद्यार्थीयों को एक मिनट का समय दिया गया। उस एक मिनट में प्रतिभागी को अपने बारे में बताना था। दूसरे चरण में आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में हर एक प्रतिभागी को दो मिनट मिला। तीसरे चरण में सन् 2047 में सपनों का भारत आप कैसा देखना चाहते हैं और उसमें आपका क्या योगदान रहेगा इस बारे में बताना था। चौथे चरण में हर प्रतिभागी को अपने आदर्श के बारे में बताना था।अंतिम जिले के बारे में जानकारी देनी थी।

## प्रतिभागियों का मूल्यांकन कमेटी ने किया

प्रतिभागियों का मूल्यांकन एक कमिटी ने किया। जिसमे आकाशवाणी के डा श्याम सुंदर तिवारी और अमित कुमार और सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय से डा सीमा सिंह, डा रविंदर कुमार और डा राज कुमार गुप्ता थे। अंतिम चयन डा सीमा पटेल की अध्यक्षता में हुआ। अंततः दो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन हुआ। उन प्रतिभागियों को आकाशवाणी में आकर एआईआर नेक्स्ट प्रोग्राम होस्ट करने का मौका दिया जाएगा।

## युववाणी कार्यक्रम में होगा प्रसारण

इसका प्रसारण बिहार के सभी आकाशवाणी केंद्र एक साथ करेंगे। सभी प्रतिभागियों की आवाज उनके विचारों के साथ आकाशवाणी सासाराम के युववाणी कार्यक्रम में एडिट कर प्रसारित की जाएगी। 16 जून बृहस्पतिवार को इस कार्यक्रम का प्रसारण दिन में 2 बजे से किया जाएगा। इसे बिहार स्थित सभी आकाशवाणी केंद्र रिले करेंगे। जिन विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। उनको पारितोषिक 500 के साथ ही अनुबंध पत्र, सर्टिफिकेट, स्मारक चिन्ह आदि दिए जाएंगे।

## कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्रों ने लिया हिस्सा

आज के कार्यक्रम में आयोजन मंडल डा अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डा एसए करीम, डा सुमित कुमार राय, डा अन्नपूर्णा गुप्ता, डा मुकेश कुमार, डा हरेंद्र कुमार और डा धनंजय राय के साथ ही छात्रों छात्राओं में शुभनम, अंकित, शिवम, मौसम,अनुपम, राजन, पंकज, मुकेश, रुबिया खातून, नुबान, सुरभि, मनोज कुमार, वंशिका, रेखा, अनन्या, रुखैया खातून और सैकड़ो की संख्या में छात्र और छात्राओं की उपस्थिति रही। अंतिम रूप से दो अभ्यर्थियों वंशिका और सुरभि कुमारी का चयन हुआ। कार्यक्रम का समापन आरडीसी प्लानिंग सेल के इंचार्ज डा अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए किया।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय के परिसर में विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम हुआ संपन्न




राष्ट्रीय सागर संवाददाता

भभुआ। सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम एवं नोडल पदाधिकारी डॉक्टर सीमा पटेल के नेतृत्व में मनाया गया। महाविद्यालय के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एनसीसी के कैडेट्स ने मिलकर एक प्रभात फेरी के रूप में जागरूकता रैली निकाला और भभुआ के लोगों को एचआईवी एड्स के खतरों से अवगत कराते हुए अपने जीवन को सुरक्षित करने के लिए नारों द्वारा प्रेरित किया।

तत्पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें डॉ. अशोक कुमार जिला एड्स अधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी डॉक्टर सीमा पटेल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने किया कार्यक्रम में स्वयंसेवक राम कुमार ने अपने कविता पाठ जीवन है अनमोल इसको एड्स से बचाए रखें के माध्यम से एड्स के संक्रमण के बारे में जानकारी दी डॉक्टर बृजराज गुप्ता ने सुरक्षित यौन संबंध के माध्यम से बचाव का रास्ता बताया तथा मुख्य वक्ता ने वायरस का शरीर पर असर पर विस्तृत जानकारी दी। यह बीमारी प्रमुख रूप से संक्रमित म्यूकस मेंब्रेन से फैलता है और शरीर के टी कोशिका सेल्स को प्रभावित करता है।

यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को इतना कमजोर कर देता है की अन्य बीमारियों को संक्रमण करने का मौका मिल जाता है। इसलिये इसे ऑक्वायर्ड इम्यून डेफिशियेंसी सिंड्रोम (एड्स ) के नाम से जाना जाता है। सर्वप्रथम यह 1981 में अफ्रीका के चिंपांजी प्रजाति से उभरा और मानव जाति में फैल गया। आज तक इसका कोई इलाज नहीं है परंतु एंटी रेट्रो ड्रग्स के माध्यम से इसके लक्षण को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। भारत में 25 लाख एड्स रोगी है और युवा देश होने के नाते सुरक्षित यौन संबंध रखना अति आवश्यक है।

डॉ. अशोक कुमार ने युवा विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता के संवाहक ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रेरित कर इस समाज में जागरूकता फैलाने का उत्तरदायित्व दिया। एड्स संक्रमित गर्भवती माता के माध्यम से अजन्मे शिशु में सावधानी बरतने पर नही फैलता। न ही साथ उठने, बैठने, खाने, हाथ मिलाने से। एड्स की जागरूकता से इस लाइलाज बीमारी की भ्रांतिया और डर समाप्त किया जा सकता है और रोगियों के प्रति सहानुभूति और सहिष्णुता की आवश्यकता है। केकार्यक्रम पदाधिकारी एवं नोडल अफसर डॉक्टर सीमा पटेल ने बताया की अमृत महोत्सव न्यू इंडिया 75 के तृतीय चरण का आज से उद्घाटन है जिसके तहत 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर के बीच एड्स विषय पर विस्तृत ज्ञान वर्धन पश्चात सभी विद्यार्थी भाषण प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर राज्य स्तर के लिए अग्रेषित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. महेश प्रसाद, डॉक्टर नियाज अहमद सिद्दीकी, डॉक्टर अन्नपूर्णा गुप्ता, डॉक्टर अजीत कुमार राय, डॉक्टर सीमा सिंह एवं स्वयंसेवक अतुल आनंद, मौसम, अनामिका अनन्या, शिवम, गोल्डन, रुचि, रवि नम, यशिका एवं अन्य उपस्थित रहे।

**सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में दो दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आगाज**

# छात्रों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

प्रतिनिधि, लहुआ नगर

सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में दो दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आगाज सोमवार को किया गया. कॉलेज प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक पार्ट वन के छात्र-छात्राओं को अनुशासित जीवन, सहपाठी छात्रों व शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित करने के साथ महाविद्यालय की कार्य प्रणाली व गौरवशाली इतिहास से परिचय कराना है. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर प्रिंसिपल शंकर प्रसाद शर्मा द्वारा माल्यार्पण व सरस्वती वंदना से हुआ. कार्यक्रम में मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष सीमा सिंह द्वारा दीक्षारंभ पर विषय प्रवर्तन करते हुए महाविद्यालय के अनुशासन संबंधी नियमों एवं शिक्षण प्रक्रियाओं से छात्र-छात्राओं को बताया.



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक.

वहीं कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान प्रिंसिपल शंकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि एसबीपी कॉलेज के गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ महाविद्यालय में उपलब्ध कोर्स व प्रोफेसरों के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तृत बताया. वहीं कॉलेज के प्रोफेसर सीमा पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपने अच्छे सपने को देखे. लेकिन देखे गये सपनों को साकार करने के लिए छात्र-छात्रा का निरंतर प्रयास करना होगा व छात्र-छात्राओं को सपनों के साकार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक निभायेंगे.

कार्यक्रम के दौरान एसबीपी कॉलेज के शिक्षक अखिलेंद्र तिवारी, अजीत राय, प्रोफेसर जगजीत सिंह, महेश प्रसाद, सत्येंद्र सिंह सहित सभी लोगों ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने व लक्ष्य प्राप्ति के लिए गुरु मंत्र दिया व कहा कि छात्र अनुशासन में रहेंगे, तो अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं.

प्रभात खबर Tue, 11 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70473234



8:19

epaper.livehindustan.com

epaper
हिन्दुस्तान

Subsc

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

अपने युवा

कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चित कराने की शुरू हुई पहल, दो दिवसीय कार्यशाला में शिक्षकों ने सीखे गुर

# पटेल कॉलेज के शिक्षक अब स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाएंगे

**ऐतिहासिक**



- सरदार वल्लभ भाई पटेल एकमात्र कॉलेज है जिसको नैक का बी ग्रेड प्राप्त है
- पांच साल बाद अब एक बार फिर से नैक के ग्रेडेशन के लिए तैयारी शुरू हो गई है

## नैक ग्रेडेशन नहीं मिलने पर रुक सकता है अनुदान

## कॉलेज में नैक के लिए गठित हुई कमेटियां


तीन दिवसीय
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय
महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2022-23


INTER COLLEGE
CRICKET TOURNAMENT 2022-23
S.V.P. College, Bhabua

# पटेल कालेज में कबड्डी और फुटबाल टीमों के चयन की हुई प्रक्रिया





**मीडिया दर्शन भभुआ( कैमूर )** / मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय की खेल समिति के द्वारा फुटबॉल और कबड्डी के टीमों का चयन किया जिसमे फुटबाल छात्र वर्ग और कबड्डी छात्र एवं छात्रा वर्ग के टीम गठन का चयन प्रक्रिया हुआ।जिसमें खेल अध्यक्ष डॉ सैय्यद अशहद करीम,खेल सचिव सुजीत कुमार सिंह, सदस्य डॉ नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ धनंजय प्रसाद राय शामिल रहे।कबड्डी के लिए चीफ सिलेक्टर ओम प्रकाश सिंह एवं फुटबॉल के लिए चीफ सिलेक्टर राम प्रसाद सिंह सहयोगी अय्यूब अली एवं रौशन अली ने चयन कार्य किया। बड़ी तादाद में चयन के लिए छात्र एवं छात्राओं ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। कबड्डी की टीम का चयन करके गठन हो गया चयनित छात्र एवं छात्राओं को सूचना दे दी गई है।फुटबॉल की टीम की अधिकृत सूचना जल्द होगी।चयन प्रक्रिया के सहयोग में महाविद्यालय के भरत सिंह, पीर गुलाम,रामानंद एवं अन्य लोगों का खेल अध्यक्ष एवं खेल सचिव ने शुक्रिया अदा किया और कहा अन्य खेलों का भी टीम गठन जल्द होगा।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 05-11-2022

# अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए टीम रवाना

## महाराजा कॉलेज आरा में आयोजित हो रही फुटबॉल प्रतियोगिता

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



कॉलेज की फुटबॉल टीम।

अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज की टीम रवाना हुई। इस मौके पर कॉलेज के क्रीड़ा अध्यक्ष सैयद अश हद करीम एवं क्रीड़ा सचिव सुजीत कुमार सिंह मौजूद रहे। टीम को रवाना करते समय सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए बेहतर खेल के जरिए कॉलेज और जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी गई। सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज टीम को प्रबंधक डॉ धनंजय प्रसाद राय और सहायक प्रबंधक भरत सिंह के नेतृत्व में टीम को रवाना किया गया। बता दे कि अतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा कॉलेज आरा में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कई कालेजों की टीम शामिल होगी। सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज की टीम के बेहतर प्रदर्शन को लेकर सभी ने अपनी शुभकामनाएं खिलाड़ियों को दी।

दैनिक भास्कर

कैमूर भास्कर 13-12-2022

# दूसरी बार मेजबान एसबीपी कॉलेज बना विजेता

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार मेजबान एसबीपी कॉलेज की टीम विजेता रही। सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित एसबीपी कॉलेज के मैदान में फाइनल मैच खेला गया। जिसमें एसबीपी कॉलेज की टीम ने एसबी कॉलेज आरा को रोमांचक मुकाबले में पांच रनों से शिकस्त दी।एसवीपी कॉलेज टीम के खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसबी कॉलेज आरा को रोमांचक मुकाबले में पांच रनों से हराया।फाइनल मैच में मेजबान एसवीपी कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 139 रन बनाए।जवाब में एसबी कॉलेज आरा की पूरी टीम 134 रनों पर ऑल आउट हो गयी। मैच में 24 रन और 3 विकेट लेनेवाले एसवीपी कॉलेज के खिलाड़ी दानिश अंसारी को मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। जबकि इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विकास पटेल ने मैन ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता मेजबान एसवीपी कॉलेज टीम को ट्रॉफी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के छात्र कल्याण के अध्यक्ष प्रो.रणविजय कुमार और एसवीपी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.एसपी शर्मा द्वारा दिया गया।इस मौके पर अध्यक्ष प्रो.अशहद करीम, सचिव सुजीत कुमार,कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के अलावा काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे।

# ट्रॉफी पर पटेल कॉलेज ने जमाया कब्जा

**क्रिकेट टूर्नामेंट**

- वीर कुंवर सिह विश्वविद्यालय के निर्देश पर अयोजित कराई थी टूर्नामेंट
- एसबी कॉलेज आरा व एसवीपी कॉलेज भभुआ के बीच हुआ फाइनल मैच



क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद ट्रॉफी प्राप्त करती मेजबान एसवीपी कॉलेज की टीम। • हिन्दुस्तान

भभुआ, एक प्रतिनिधि। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर मेजबान एसवीपी कॉलेज ने सोमवार को कब्जा कर लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्देश पर पटेल कॉलेज तीन बार से मेजबानी करते आ रहा है। इस कॉलेज की टीम ने दो बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि एक बार उपविजेता रही थी। सोमवार को एसवीपी कॉलेज भभुआ व एसबी कॉलेज आरा के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। टॉस जीतकर एसवीपी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एसवीपी कॉलेज के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर में 139 रन बनाए। जवाब में खेलने के लिए उतरी एसबी कॉलेज आरा की टीम 134 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणविजय कुमार मौजूद थे।

उन्होंने एसबी कॉलेज व एसवीपी कॉलेज के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त खेल का उद्घाटन किया।

उन्होंने छात्रों के बीच अपने जीवन में खेल के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से हर साल अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े सभी संबद्ध व अंगीभूत महाविद्यालय के छात्र खिलाड़ी भाग लेते हैं। एसवीपी कॉलेज की जीत पर उन्होंने खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया। एसबी कॉलेज के खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करने की सलाह दी।

मौके पर प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, डॉ.अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. सैय्यद अहमद करीम, सुजीत कुमार सिंह, शिवम कुमार, अजय कुमार सिंह आदि थे।

## Career Counselling

Career Paths -- Prospective Avenues in Highly Specialized Professional Courses, Human Genetics & Clinical Research

Who can participate?

Students of B.Sc Bio group (life science, Botany, Zoology, Bio-tech, Bio-chemistry)

Confusion in ..........

- Decision making for higher education after B. Sc in life sciences
- Available options
- Selecting streams
- Passion and career

Join program online on Zoom platform

Link: https://us04web.zoom.us/j/72690036484?pwd=3V5nRVJPb_ny_r4VIkD6JrBpl-eRR1.1

Meeting ID: 726 9003 6484

Passcode: TYZg0R

Organised by Career counselling & placement cell

Sardar Vallabhbhai Patel College, Bhabua,

www.svpcollegebhabua.org





## Know your career expert

**DR. BISWA PRATIM DAS PURKAYASTHA**

ASSOCIATE PROFESSOR, DATTA MEGHE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

CAREER HIGHLIGHTS

FORMER ASSOCIATE PROFESSOR, Narayana Medical College, Nellore, Andhra Pradesh, INDIA

PHD: CYTOGENETICS LABORATORY, BANARAS HINDU UNIVERSITY

POST DOCTORAL FELLOW AT CASE WESTERN RESERVE UNIVERSITY, CLEVELAND, OHIO, USA

UNIVERSITY OF LOUISVILLE, LOUISVILLE, KENTUCKY, USA

DATE: 22/08/2022, TIME: 10:30 AM

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 29-12-2022

# मां मुंडेश्वरी धाम के विकास को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद से मिला रिसर्च प्रोजेक्ट

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

मां मुंडेश्वरी धाम के विकास के लिए भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद से रिसर्च प्रोजेक्ट मिला है। जो पर्यटन क्षेत्र के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इस बारे में जानकारी देते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय भभुआ के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी को मां मुंडेश्वरी मंदिर परिसर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के पर्यटन विकास हेतु भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा एक रिसर्च प्रोजेक्ट मिला है। इस विषय में डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मेरा ध्येय इस क्षेत्र के विकास हेतु ऐसा पर्यटन योजना बनाना है कि बनारस और गया आने वाले पर्यटक इस सिद्ध स्थान पर भी आए जिससे इस स्थान का सामाजिक और आर्थिक विकास हो तथा ज्यादा से ज्यादा लोगो को



डॉ अखिलेंद्र तिवारी को मिली रिसर्च प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी।

रोजगार मिल सके। हमने पिछले पांच वर्षों से अपने कर्मभूमि बिहार के पिछड़े क्षेत्र कैमूर के विकास के लिए अकादमिक शोध और संगोष्टियो के माध्यम से लोगो में जागरूकता जगाने का प्रयास किया है साथ ही साथ भभुआ को विश्व पटल के नक्शे पर लाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगो से मिले प्रेम और स्नेह की वजह से ही शिक्षा के साथ साथ विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमो में भागीदारी बनाए रखी। डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी यूजीसी स्वयं के भी नोडल पदाधिकारी हैं जिसके माध्यम से छात्र और छात्राएं यूजीसी से ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुड़कर अध्ययन कर सकते हैं। जनवरी 2021 में भारतीय प्रवासन पर हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी और अप्रैल 2022 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर हुए राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी सह सह संयोजक रहे। सितंबर 2022 में इन्होंने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित भारतीय सांस्कृतिक धरोहर: संरक्षण और संवर्धन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन करवाया।

# भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान ने डॉ अजीत को दिया दो प्रोजेक्ट

**भभुआ नगर.** भारतीय प्रवासन और गिरमिटिया मजदूरों की लोक संस्कृति पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नयी दिल्ली द्वारा एसवीपी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ अजीत कुमार राय को शोध परियोजना दिया गया है. इसमें दो प्रोजेक्ट शामिल है. इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि अजीत कुमार राय जोकि शोध व विकास प्रकोष्ठ के समन्वयक हैं. उन्हें भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान द्वारा दो प्रोजेक्ट प्राप्त हुए हैं. इससे पूर्व भी अजीत कुमार राय को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नयी दिल्ली द्वारा भोजपुरी लोक संस्कृति के संरक्षक और संवर्धन के लिए शोध परियोजना प्राप्त हुई थी. डॉ अजीत कुमार राय ने पिछले तीन वर्षों में तीन राष्ट्रीय सेमिनार, विभिन्न विषयों पर विशेष व्याख्यान आयोजित करवाया है. डॉ अजीत कुमार राय को अगस्त मास में मॉरीशस के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय प्रवासन पर किये गये कार्यों के लिए मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस में सम्मानित किया गया था.

इधर, अजीत कुमार राय ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान द्वारा प्राप्त शोध परियोजना के माध्यम से भारतीय प्रवासन के विभिन्न स्वरूपों के बारे में जाना जायेगा और प्रवास के पश्चात गिरमिटिया मजदूरों के सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन में जो बदलाव आये उस बदलाव का अध्ययन किया जायेगा. इस शोध परियोजना में उनके सहयोगी मॉरीशस से डॉ अरविंद बिसेसर, सरदार वल्लभ भाई पटेल कालेज से डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी और शंकर कालेज से डॉ नित्यानंद सिंह होंगे. उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर बहुत ही कम कार्य हुआ है. मुख्यतः इस शोध परियोजना के माध्यम से बिहार के क्षेत्र से गये विभिन्न देशों में मजदूरों द्वारा भारतीयता को बनाये रखने के और सांस्कृतिक बहुलता को जानने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने अपने इस शोध परियोजना के लिए प्राचार्य सहित अपने कालेज परिवार के सदस्यों डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी, डॉ सुमित कुमार राय, डॉ आनंद प्रकाश को सहयोग के लिए आभार जताया.

प्रभात खबर Sat, 25 March 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/72

हिन्दुस्तान

महाविद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

# एसबीपी कॉलेज में पुरातन छात्र समागम 6 को, तैयारी शुरू

**उत्साह**

भभुआ, एक प्रतिनिधि। सरदार वल्लभभाई कालेज में छह अप्रैल को पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम का आयोजि होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से जुड़े वैसे छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जा रहा है जो पूर्व में पासआउट हो चुके हैं। महाविद्यालय प्रशासन इस कार्यक्रम को लेकर ऑनलाइन आवेदन भरने का प्रारूप तैयार किया है, जिसे पुराने छात्र भरकर सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करेंगे, जिसके आधार पर कालेज प्रशासन उन्हें आमंत्रण पत्र भेज रहा है।

महाविद्यालय पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, यहां पढ़कर काफी छात्र अच्छे मुकाम हासिल किए हैं। जो कभी-कभी महाविद्यालय में आते हैं और अपने समय में की गई शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हैं। आज महाविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था में काफी बदलाव हुआ है। नई सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। अभाव के बीच शिक्षा प्राप्त कर बड़े ओहदे पर पहुंचे छात्र अपना अनुभव शेयर करेंगे और जीवन में सफलता पाने के टिप्स भी देंगे।

कॉलेज प्रशासन ने बताया कि पुराने छात्र जिस शहर में पुराने छात्र रह रहे हैं, वहां की शिक्षा व्यवस्था के बारे में भी बताएंगे और बेहतर करने का सुझाव भी देंगे। उनकी राय से वर्तमान छात्र अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं। उनका कहना था कि महाविद्यालय में पढ़कर निकले पुराने छात्र कई अच्छे पद पर कार्यरत हैं। वह जिला, राज्य एवं देश की दिशा-दशा निर्धारित करने का भी काम करते हैं। उन छात्रों के अनुभव से इस कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों कुछ सीखने व नया करने का मौका मिलेगा। तैयार की जा रही पुराने छात्रों की सूची पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय प्रशासन तैयारी में जुटा है। इस कार्यक्रम में पुराने छात्रों को शामिल करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन अपने पूर्व के व्याख्याताओं से संपर्क साधा है।

- कॉलेज प्रशासन द्वारा पूर्व में पासआउट हो चुके छात्रों को किया जा रहा आमंत्रित
- महाविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर ऑनलाइन आवेदन भरने का प्रारूप तैयार किया है।



सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के इसी भवन में होगा छात्र समागम। • हिन्दुस्तान

> महाविद्यालय में 6 अप्रैल को पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम आयोजित होगा। पुराने छात्रों की सूची बनाई जा रही है। कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है, ताकि अधिक से अधिक पुराने छात्र जुड़ सके। उनके अनुभव का लाभ नए छात्रों को मिले।
>
> -डॉ शंकर प्रसाद शर्मा, प्राचार्य, एसबीपी कॉलेज

## पुराने छात्रों के अनुभव से नए को मिलेगी ऊर्जा

भभुआ, एक प्रतिनिधि। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में कैमूर के अलावा दूसरे जिले के छात्र भी आकर पढ़ाई करते थे। यहां छात्रावास की भी बेहतर सुविधा थी। जब जिले में कोई महाविद्यालय नहीं था तब दूरदराज के छात्र पैदल आकर पढ़ाई करते थे। उस समय पढाई करने को लेकर किए गए संघर्ष को याद करना आज नई पीढ़ी के छात्रों के लिए मुश्किल है। व्याख्याताओं ने बताया कि पूर्व के सहयोगियों का कहना था कि यहां 30 से 40 किलोमीटर की दूरी से लोग पढ़ने के लिए आते थे। उस समय यातायात की बेहतर व्यवस्था नहीं थी। इस कारण लोग पैदल आते थे।

### पहली बार हो रहा है ऐसा आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. एन तिवारी ने बताया कि अब तक इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में नहीं हुए थे। ऐसा कार्यक्रम छात्रहित में जरूरी है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कामयाब होने और नई ऊंचाइयों को छूने के बाद अपने शिक्षण संस्थान के बारे में जानने, देखने और उसके विकास की कड़ी से जुड़ने की लालसा होती है। राज्य और देश में कई ऐसे अधिकारी, राजनेता, अभिनेता हैं जो कि अपने शिक्षण संस्थानों को बेहतर बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस कार्यक्रम में आने के बाद अगर वह अपने संघर्ष के दिनों को पढ़ने वाले छात्रों के बीच साझा करते हैं तो छात्रों का मनोबल बढ़ेगा।

हिन्दुस्त

# छात्राओं के व्यक्तित्व और कॅरियर के लिए देंगे टिप्स

- राष्ट्रीय महिला आयोग एवं एसबीपी कॉलेज कराएगा कार्यक्रम का आयोजन
- स्नातक एवं पारा स्नातक छात्राओं को कॅरियर के दिए जाएंगे टिप्स

भभुआ, एक प्रतिनिधि। राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली एवं सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ द्वारा संयुक्त रूप से स्नातक एवं पारा स्नातक छात्राओं के क्षमता निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सरदार बल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में 10 अप्रैल को होना है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजीत कुमार राय को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं शिक्षा के महत्त्व को समझने लगी हैं। शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने कॅरियर को लेकर छात्राओं को कड़ी स्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है। इसके लिए ज्यादातर छात्राएं तैयार नहीं हो पाती हैं और पिछड़ जाती है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कॅरियर संवारने के टिप्स दिए जाएंगे। अगर वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधि से जुड़े तो उन्हें अपना कॅरियर संवारना काफी आसान होगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय की छात्राओं के बौद्धिक विकास को लेकर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा के सहयोग एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा, जिसका लाभ विवि के विभिन्न कॉलजों में पढ़ने वाली छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने बताया कि छात्राएं इस तरह के कार्यक्रम से काफी ाभान्वित होकर अपने कॅरियर को ऊंचाई तक ले जाने में सफल होंगी। इस कार्यक्रम के लिए एक रूपरेखा तैयार हो रही है। जल्द ही छात्राओं को कार्यक्रम में तैयारी के साथ उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने एसवीपी कॉलेज में की जांच

# लर्नर सपोर्ट सेंटर खोलने के लिए किया स्थल का भौतिक निरीक्षण

**तैयारी**

**भौतिक निरीक्षण के दौरान एसवीपी कॉलेज में छात्रों के साथ किया रोजगार संवाद**

**सहायक निदेशक ने कहा- नौकरी करते हुए भी इग्नू से हासिल कर सकते हैं डिग्री**



निरीक्षण के दौरान इग्नू के सहायक निदेशक व प्रिंसिपल .

प्रतिनिधि, भभुआ नगर

इग्नू पटना के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ आसिफ इकबाल ने सोमवार को एसवीपी कॉलेज में नये लर्नर सपोर्ट सेंटर खोलने के लिए स्थल का भौतिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद सहायक निदेशक ने एसवीपी कॉलेज के सभागार में छात्रों के साथ रोजगार पर संवाद के दौरान इग्नू के स्थापना से अभी तक की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज यह भारत ही नहीं, दुनिया का भी सबसे बड़ा खुला विश्वविद्यालय है, जो भारत के हर राज्य में और दुनिया के सत्रह देशों में उच्च शिक्षा का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है. भारत में आज 35 लाख से ज्यादा छात्र-छात्रा अध्ययन कर रहे हैं. उन्होंने ओपन डिजिटल लर्निंग और ऑनलाइन शिक्षा के उच्च मापदंडों पर इग्नू की सफलता के बारे में भी बताया. वहीं, कार्यक्रम के दौरान बीते सितंबर में आयोजित हुए राष्ट्रीय सेमिनार का प्रतीक चिह्न देकर प्रोफेसर सीमा पटेल ने सहायक निदेशक का स्वागत किया. साथ ही कार्यक्रम के दौरान एसवीपी कॉलेज के प्रोफेसर सीमा पटेल ने बिहार के छात्रों में व्याप्त भ्रांति को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि एक साथ रेगुलर यूनिवर्सिटी की डिग्री और नौकरी नहीं कर सकते, यह अवैध है. इसीलिए यदि काम करते हुए पढ़ाई करनी और डिग्री लेना हो तो इग्नू जैसे केंद्रीय विश्वविद्यालय से बढ़िया कोई विकल्प नहीं है. सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने इस सेंटर की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मेरा यही प्रयास है कि मेरे महाविद्यालय के छात्र और छात्रा इस महाविद्यालय से ही सभी तरह के विषय और डिग्री लेकर जीवन में उच्च सफलता पाएं. वहीं, कार्यक्रम के दौरान छात्रों को आइयूएसी समन्वयक डॉ सुमित कुमार राय ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ अखिलेश नाथ तिवारी ने किया व शिक्षकों में डॉ नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ आनंद प्रकाश, डॉ धनंजय प्रसाद राय के साथ सैकड़ों की संख्या में काउंसलर व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. एसवीपी कॉलेज में इग्नू की शाखा खोलने को लेकर सोमवार को एसवीपी कॉलेज पहुंचे इग्नू के सहायक निदेशक डॉ आसिफ इकबाल ने एसवीपी कॉलेज में स्थित सभी क्लासरूम, गर्ल्स कॉमन रूम, विज्ञान के सभी नौ लैब, आर्ट्स के तीन लैब, परीक्षा विभाग, इग्नू ऑफिस, लाइब्रेरी, शौचालय, बीसीए, बायोटेक, सेमिनार हॉल के साथ सभी ऑफिस का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण किया.